सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नजर

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

न्यूज नेक्स्ट इंडिया

कर्तव्यपथ पर चतुर्थ वर्ष

www.nnindianews.com

वर्ष :04, अंक :-263, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 03 अप्रैल, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# वक्फ बिल अब राज्यसभा में पेश

## लोकसभा में 12 घंटे चर्चा के बाद हुआ पास, राज्यसभा में चर्चा शुरू

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन बिल 2024 देर रात लोकसभा में पास हो गया है। गुरुवार को इसे राज्यसभा में चर्चा के लिए पेश किया गया। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू बिल पर अपनी बात रख रहे हैं। इससे पहले राज्यसभा में सुबह भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर बुधवार को दिए बयान पर विपक्ष के सांसदों ने हंगामा किया।

दरअसल, ठाकुर ने कहा था कि कर्नाटक में वक्फ की जमीन का भ्रष्टाचार हुआ है। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे भी शामिल हैं। इस पर खड़गे ने कहा- आरोप सिद्ध करें या इस्तीफा दें। खड़गे ने कहा- अनुराग ठाकुर उनके या उनके परिवार के किसी भी सदस्य के वक्फ बोर्ड की 1 इंच भी जमीन पर कब्जे को साबित कर देते हैं, तो मैं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष पद से इस्तीफा दे दूंगा।



खड़गे बोले- मेरे पास वक्फ की 1 इंच जमीन नहीं, अनुराग ठाकुर साबित करें या इस्तीफा दें

इससे पहले लोकसभा में बुधवार को 12 घंटे की चर्चा के बाद वक्फ संशोधन बिल पास हो गया। रात 2 बजे हुई वोटिंग में 520 सांसदों ने भाग लिया। 288 ने पक्ष में और 232 ने विपक्ष में वोट डाले। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने इसे उम्मीद (यूनीफाइड वक्फ मैनेजमेंट इम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट) नाम दिया है। आज यह बिल राज्यसभा में पेश होगा।

चर्चा के दौरान AIMIM सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने बिल फाड़ दिया। उन्होंने कहा- इस बिल का मकसद मुसलमानों को जलील करना है। मैं गांधी की तरह वक्फ बिल को फाड़ता हूं। बिल पर चर्चा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- वक्फ में गैर इस्लामिक नहीं आएगा। ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। वोट बैंक के लिए माइनॉरिटीज को डराया जा रहा है।

## सोनिया बोलीं- बिल जबरन पारित किया गया, सरकार देश को रसातल में ले जा रही



सोनिया गांधी ने गुरुवार को कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी की बैठक में कहा कि केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन बिल लोकसभा में जबरन पारित करवाया है। यह विधेयक संविधान पर एक हमला है। यह हमारे समाज को स्थायी रूप से तोड़ने की भाजपा की सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। सोनिया ने कांग्रेस सांसदों से कहा- मोदी सरकार देश को रसातल में ले जा रही है। वह संविधान को ध्वस्त करना चाहते हैं। संविधान केवल कागजों पर रह जाएगा। वन नेशन-वन इलेक्शन बिल भी संविधान का एक और उल्लंघन है।

## चीन का हमारी 4 हजार किमी जमीन पर कब्जा, सरकार क्या कर रहीः राहुल गांधी

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि चीन के मुद्दे पर सरकार क्या कर रही है। चीन ने भारत की चार हजार किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है। हमें हमारी जमीन वापस मिलनी चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट के जज संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करेंगे

**नई दिल्ली।** ज्यूडीशियरी में ट्रांसपेरेंसी और जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने पदभार ग्रहण करने के दौरान ही अपनी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने का फैसला किया है। 1 अप्रैल को हुई फुल कोर्ट मीटिंग में सभी 34 जजों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की मौजूदगी में अपनी संपत्ति का खुलासा करने का फैसला लिया है।

जजों ने यह भी कहा कि संपत्तियों से जुड़ी डीटेल सुप्रीम कोर्ट की ऑफिशियल वेबसाइट पर अपलोड की जाएगी। हालांकि, वेबसाइट पर संपत्ति की घोषणा स्वैच्छिक होगी।

सुप्रीम कोर्ट में जजों की निर्धारित संख्या 34 है। फिलहाल यहां 33 जज हैं, एक पद खाली है। इनमें से 30 जजों ने अपनी संपत्ति का घोषणा पत्र कोर्ट में दे दिया है। हालांकि, इन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। यह फैसला दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर से कैश मिलने के विवाद के बाद लिया गया है। जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले में 14 मार्च को आग लगी थी। फायर सर्विस टीम को वहां अधजले नोट मिले थे।



## यूपीः कई जिलों में वज्रपात की चेतावनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम लगातार बदल रहा है। बुधवार को दिन में दक्षिणी यूपी व बुंदेलखंड समेत प्रदेश के कई इलाकों में बादलों का डेरा रहा। अब मौसम विभाग ने बुधवार से शुक्रवार के बीच प्रदेश के दक्षिणी-पूर्वी और बुंदेलखंड के इलाकों में तेज हवा संग हल्की बौछारें पड़ने की संभावना जताई है। इसके असर से इन इलाकों में तात्कालिक तौर पर अधिकतम तापमान में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट के आसार हैं। इसके बाद प्रदेश में फिर से पारे में उछाल देखने को मिलेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक शुक्रवार तक प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों और बुंदेलखंड के इलाकों में गरज-चमक के साथ मामूली बूंदाबांदी की संभावना है। इस बीच कहीं-कहीं वज्रपात के भी आसार हैं। जहां बूंदाबांदी के संकेत हैं, वहां 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।



# अमेरिका ने भारत पर 26% टैरिफ लगाया

## ट्रम्प बोले- मोदी अच्छे दोस्त, लेकिन टैरिफ पर व्यवहार ठीक नहीं; बदलाव 9 अप्रैल से लागू होगा

एनएनआई

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार देर रात भारत पर 26% टैरिफ (रेसिप्रोकल यानी जैसे को तैसा टैरिफ) लगाने का ऐलान किया। ट्रम्प ने कहा- भारत बहुत सख्त है। मोदी मेरे अच्छे दोस्त हैं, लेकिन हमारे साथ सही व्यवहार नहीं कर रहे हैं।

भारत के अलावा चीन पर 34%, यूरोपीय यूनियन पर 20%, साउथ कोरिया पर 25%, जापान पर 24%, वियतनाम पर 46% और ताइवान पर 32% टैरिफ लगेगा। अमेरिका ने करीब 60 देशों पर उनके टैरिफ की तुलना में आधा टैरिफ लगाने का फैसला किया है।

इसके अलावा दूसरे देशों से अमेरिकी में आने वाले सभी सामान पर 10% बेसलाइन (न्यूनतम) टैरिफ लगेगा। बेसलाइन टैरिफ 5 अप्रैल को और रेसिप्रोकल टैरिफ 9 अप्रैल को रात 12 बजे के बाद लागू होंगे।बेसलाइन टैरिफ व्यापार के सामान्य नियमों के तहत आयात पर लगाया जाता है, जबकि रेसिप्रोकल टैरिफ किसी अन्य देश के टैरिफ के जवाब में लगाया जाता है।




**ट्रम्प के संबोधन की 6 बड़ी बातें:**

**ऑटो सेक्टर में 25% टैरिफ:** अमेरिका विदेशों में बनने वाले वाहनों पर 25% टैरिफ लगाएगा। अब तक अमेरिका अन्य देशों से मोटरसाइकिलों पर केवल 2.4% टैरिफ वसूलता था। जबकि भारत 60%, वियतनाम 70% और अन्य देश इससे भी अधिक कीमत वसूल रहे हैं। इन्होंने अमेरिका को 50 वर्षों तक लूटा, लेकिन यह आज समाप्त होगा।

**अमेरिका सबसे अमीर देश बनेगा:** अमेरिका दुनिया के किसी भी देश से अधिक अमीर होगा। आज हम अमेरिकी वर्कर के लिए खड़े हो रहे हैं। आखिरकार हम अमेरिका फर्स्ट को लागू कर रहे हैं। हम वास्तव में बहुत धनवान हो सकते हैं। हम इतने अधिक धनवान हो सकते हैं कि यह अविश्वसनीय लगे, लेकिन अब हम समझदार हो रहे हैं।

> भारत अमेरिका पर 52% तक टैरिफ लगाता है, इसलिए अमेरिका भारत पर 26% टैरिफ लगाएगा। अन्य देश हमसे जितना टैरिफ वसूल रहे, हम उनसे लगभग आधे टैरिफ लेंगे। इसलिए टैरिफ पूरी तरह से रेसिप्रोकल नहीं होंगे। मैं ऐसा कर सकता था, लेकिन यह बहुत से देशों के लिए कठिन होता। हम ऐसा नहीं करना चाहते थे।
>
> **डोनाल्ड ट्रंप**
> **अमेरिकी राष्ट्रपति**

**टैरिफ से बचने के लिए अमेरिका में बनाएं प्रोडक्ट:** अमेरिका टैरिफ के मामले में अब बराबरी का जवाब देगा। जो देश अमेरिकी बाजार तक पहुंच चाहते हैं, उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। अगर कोई भी कंपनी टैरिफ से छूट चाहती है, तो उसे अमेरिका में अपना प्रोडेक्ट बनाना होगा। टैरिफ से अमेरिका का विकास होगा।

**नौकरियां और कारखाने अमेरिका लौटेंगे:** कई देशों ने अमेरिकी बाजार का फायदा लेकर खुद को समृद्ध बनाया, लेकिन अमेरिकी सामान के लिए अपने बाजार में सख्ती लगा दी। अब अमेरिका भी अपने फायदे के बारे में सोचेगा। अब नौकरियां और कारखाने अमेरिका में वापस आएंगे।

**कनाडा के डेयरी टैरिफ अनुचित:** कनाडा का डेयरी टैरिफ हमारे किसानों के लिए उचित नहीं है। अमेरिका कनाडा और मेक्सिको जैसे देशों को उनके उद्योगों को बनाए रखने में मदद करने के लिए सब्सिडी देता है। हम अपने महान किसानों और पशुपालकों के लिए भी खड़े हैं, जिनके साथ दुनियाभर के देश क्रूरता करते हैं।

**अमेरिका की आर्थिक आजादी का दिन:** आज का दिन अमेरिका के लिए आर्थिक आजादी का है। हमें अमेरिका को फिर से महान बनाना है। हम रेसिप्रोकल टैरिफ का ऐलान कर रहे हैं, जो देश जैसा शुल्क लगा रहा है हम भी उनके साथ वैसा ही करेंगे।



## म्यांमार में आज फिर 5.6 तीव्रता का भूकंप

**नेपीदा।** म्यांमार में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। पांच दिन पहले ही देश में 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें मरने वालों की संख्या 3003 हो गई है। राज्य टेलीविजन टफ्र्ल्श के मुताबिक 4,500 से अधिक लोग घायल हुए हैं। पड़ोसी देश थाईलैंड में इस भूकंप से मरने वालों की संख्या 22 पहुंच गई है। यहां 72 लोग लापता हैं।

## लॉरेंस गैंग के 5 सदस्य गिरफ्तार

### 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त

**मुंबई।** क्राइम ब्रांच ने अंधेरी इलाके से लॉरेंस गैंग के 5 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 7 पिस्तौल और 21 जिंदा कारतूस जब्त किए हैं। पुलिस ने बुधवार, 2 अप्रैल को यह जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें संदेह है कि गैंग के निशाने पर कोई सेलिब्रिटी था।

क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया कि विशेष सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने लॉरेंस गैंग के सदस्यों को शनिवार को हिरासत में लिया। उनके हथियार ले जाने के पीछे के मकसद की जांच की जा रही है।

गिरफ्तार लोगों की पहचान विकास ठाकुर उर्फ विक्की, सुमित कुमार दिलावर, श्रेयस यादव, देवेंद्र सक्सेना और विवेक गुप्ता के रूप में की गई है। ये सभी राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। सुमित कुमार और विकास हिस्ट्रीशीटर हैं। दरअसल, लॉरेंस गैंग की तरफ से सलमान खान को लगातार धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में गैंग के 5 सदस्यों की गिरफ्तारी और उनके पास से हथियार बरामद होने के बाद इसे सलमान खान की सुरक्षा के लिए बड़े खतरे के रूप में भी देखा जा रहा है।

## प. बंगाल में 25,753 शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक बरकरार

### सुप्रीम कोर्ट बोला- सिलेक्शन प्रोसेस में ही गड़बड़ी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के स्कूल भर्ती घोटाले से जुड़े कोलकाता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है।

पश्चिम बंगाल में स्कूल सिलेक्शन कमीशन ने 2016 में 25 हजार शिक्षकों और गैर-शिक्षकों को नियुक्ति दी थी। हाईकोर्ट ने नियुक्तियों को अवैध करार दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट की जांच को सही माना है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि पूरी प्रक्रिया में धोखाधड़ी की गई। इसमें सुधार की कोई गुंजाइश नहीं है।

मामले पर सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट में हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिकाएं दायर की गई थी।

**दिव्यांग उम्मीदवारों को वेतन मिलता रहेगा – सुप्रीम कोर्ट**

दिव्यांग उम्मीदवारों पर पीठ ने कहा कि नए चयन होने तक उम्मीदवारों को वेतन मिलता रहेगा। साथ ही ऐसे उम्मीदवारों को नई चयन प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। चीफ जस्टिस ने कहा ' जो उम्मीदवार दोषी नहीं हैं और जो चयन से पहले राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में काम कर रहे थे। इन उम्मीदवारों को पिछले विभागों में जाने का अधिकार होगा, ऐसे आवेदनों पर 3 महीने के भीतर कार्रवाई की जाएगी'।

इसके साथ ही सीबीआई जांच के



कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर 4 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

पश्चिम बंगाल सरकार ने 2016 में स्टेट लेवल सेलेक्शन टेस्ट-2016 के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की भर्ती की थी। तब 24,640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपए तक की घूस लेने का आरोप है। मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट को कई शिकायतें मिली थीं। भर्ती में अनियमितताओं के मामले में उइकने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी अर्पिता मुखर्जी और ररउ के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था। अर्पिता पेशे से मॉडल थीं।

## सौरभ हत्याकांड: एक-दूसरे को देख रो पड़े मुस्कान और साहिल

**मेरठ।** सौरभ राजपूत की हत्या करने के मामले में जेल में बंद पत्नी मुस्कान रस्तोगी और प्रेमी साहिल शुक्ला की बुधवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी हुई। दो मिनट की हुई पेशी में अब 15 अप्रैल की तारीख लगी है। पेशी के दौरान एक दूसरे को देखकर दोनों हत्यारोपियों के आंसू छलक गए। हालांकि जेल प्रशासन ने इन्हें बातचीत नहीं करने दी। ब्रह्मपुरी पुलिस ने चार्जशीट की जमा करने की तैयारी कर ली है।

ब्रह्मपुरी के इंदिरा नगर में सौरभ की हत्या उसकी पत्नी मुस्कान और प्रेमी साहिल ने कर दी थी। सौरभ के शव



को नीले ड्रम में डालकर उस पर सीमेंट और डस्ट का घोल भर दिया था। इस मामले में पुलिस ने मुस्कान और साहिल को 19 मार्च को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया था। बुधवार करीब 11 बजे साहिल और मुस्कान को वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम में लाया गया। दोनों की जज के सामने आनलाइन पेशी कराई गई। डा. वीरेश राज शर्मा ने बताया कि 14 दिन की न्यायिक हिरासत और बढ़ गई है। अब 15 अप्रैल को फिर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई कराई जाएगी।

**स्वामी वीरेन अग्रवाल** प्रकाशक **विवेक खंडेलवाल** मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं **विवेक खंडेलवाल** मैनेजिंग डायरेक्टर बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित

**प्रधान संपादक अरविन्द सिंह**

**RNI Ragistration No UPHIN/2021/88376**

**निदेशक (वित्त) स्वतंत्र कुमार**

E MAIL newsnextindia1@gmail.com

Website:-www.nnindianews.com

**(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है )**

सत्यता और
निष्पक्षता के साथ
नई बुलंदियों पर
NNI
हर खबर पर पक्की नजर

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

अपना ब्रज

गुरुवार, 03 अप्रैल, 2025 www.nnindianews.com



## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बस हादसा

# चालक को आई झपकी, ट्रक से टकराई बस; 10 घायल

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आज तड़के एक बड़ा हादसा हुआ। दिल्ली से गोरखपुर जा रही यात्री बस आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसा नगला खंगर थाना क्षेत्र में सुबह चार बजे हुआ।

बस चालक रवि कुमार बिहार के मोतिहारी जिले के हरीसियाडी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि चालक को नींद की झपकी आने से यह दुर्घटना हुई। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।



दुर्घटना में बस चालक समेत 10 यात्री घायल हुए। यूपीडा के कर्मचारियों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। कुछ घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जबकि चार यात्रियों को जिला संयुक्त चिकित्सालय में इलाज के लिए भेजा गया। इंस्पेक्टर थाना नगला खंगर का कहना है कि बस दिल्ली से गोरखपुर यात्रियों को लेकर जा रही थी। बस में करीब 40 यात्री सवार थे। संभावित चालक को झपकी आ गई और आगे चल रहे ट्रक से बस टकरा गई। घायलों को शिकोहाबाद में भर्ती कराया गया है तो कुछ घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

# बेटी की शादी का कार्ड बांटने गए दंपती...घर लौटी पिता की लाश

एनएनआई

**आगरा।** घर के आंगन से बेटी की डोली उठाने की तैयारी में माता-पिता जुटे थे, लेकिन बेटी की डोली उठाने से पहले ही पिता की अर्थी उठ गई। उधर, अस्पताल में मां जिंदगी और मौत से लड़ रही है। शादी की रौनक वाले घर में मातम छाया है। जिला जालौन के थाना कुठौंद के गांव शंकरपुर निवासी दशरथ सिंह ने बताया कि उनके छोटे भाई जसवंत सिंह (45) गुरुग्राम में नौकरी करते थे। जसवंत की बेटी पूनम की 20 अप्रैल को शादी है। इसकी तैयारी में परिजन जुटे थे। मंगलवार को वह गुरुग्राम में अपने स्टाफ को बेटी की शादी के कार्ड बांटकर बाइक से पत्नी गीता के साथ गांव के लिए चले।

बाइक सवार दंपती छाता कोतवाली क्षेत्र स्थित केडी चौकी के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से आए ट्रक ने दोनों को टक्कर मार दी। दुर्घटना

## मां की हालत गंभीर, 20 अप्रैल को आनी है बेटी की बारात



में जसवंत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गीता गंभीर रूप से घायल हो गईं। गीता का एक पैर कट गया है, दूसरा पैर भी बुरी तरह से कुचल गया है। चिकित्सक दूसरे पैर को कटने से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। महिला को दिल्ली रेफर किया है। सीओ छाता आशीष शर्मा ने बताया कि दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। चालक की तलाश की जा रही है। अभी तक परिजन ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

**पिता की मौत, मां के घायल होने पर गश खाकर गिरी पूनम**

दशरथ सिंह ने बताया कि भाई जसवंत सिंह की दो बेटी और एक बेटा है। पूनम सबसे बड़ी है। भाई के घर में पहली शादी थी, इसे लेकर घर के साथ ही रिश्तेदारों में भी खुशी थी। जिस घर में शादी की तैयारियों को लेकर रौनक थी आज वहां मातम छाया है। बच्चों को जैसे ही दुर्घटना की जानकारी हुई वह परेशान हो गए। पिता की मौत और मां के अस्पताल में भर्ती होने की सूचना पर पूनम गश खाकर गिर पड़ी। बुधवार को परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव को जालौन ले गए। यहां गमगीन माहौल में उनका अंतिम संस्कार हुआ।

# हाथरस में मडगार्ड पेंटिंग फैक्ट्री में लगी आग, दमकल की 3 गाड़ियों ने पाया काबू

एनएनआई

**हाथरस।** सादाबाद गेट स्थित घनी आबादी वाले इलाके में एक मडगार्ड पेंटिंग फैक्ट्री में आज सुबह अचानक आग लग गई। अंकित टालीवाल की इस फैक्ट्री में वाहनों के मडगार्ड पर पेंटिंग का काम होता है। फैक्ट्री के आसपास कई गैराज हैं, जहां गाड़ियां खड़ी थीं। आग की लपटें देखकर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत फायर स्टेशन को सूचना दी। मौके पर तीन दमकल गाड़ियां पहुंचीं।



फैक्ट्री में गैस सिलेंडर होने के कारण आसपास के घरों और गैराज में आग फैलने का खतरा था। आग पर काबू पाने के लिए जेसीबी और हाइड्रा मशीन का इस्तेमाल किया गया। बचाव कार्य के दौरान फैक्ट्री की एक दीवार को तोड़ना पड़ा।

**लाखों रुपए का हुआ नुकसान**

दमकल कर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि इस घटना में लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

# मथुरा में 10 इंस्पेक्टर और तीन एसआई के ट्रांसफर

**मथुरा** एनएनआई। एसएसपी ने शहर कोतवाली सहित तीन थाना प्रभारी के स्थानांतरण किए हैं। मथुरा शहर कोतवाली के नए प्रभारी रवि त्यागी बनाए गए हैं। अभी तक श्री त्यागी पुलिस लाइन तैनात थे। श्री त्यागी एसओजी छाता कोतवाली प्रभारी रह चुके है। इनके अलावा बरसाना थाना प्रभारी अरुण कुमार को थाना प्रभारी कोसी और साइबर शहर में तैनात अरविंद कुमार निर्बाल को थाना प्रभारी बरसाना बनाया गया है। समझा जाता है कि कोसी और कोतवाली मथुरा में तैनात निरीक्षक गैर जनपद के लिए रिलीव कर दिए गए हैं। ज्ञात रहे कि पिछले दिनों आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए आईजी जोन ने बड़ी संख्या में प्रभारी निरीक्षकों के तबादले किए थे जिनमे ये भी शामिल थे। सूत्रों के अनुसार सुरीर जमुनापार सदर थाना प्रभारी सहित कई अन्य को भी आज कल में गैर जनपद के लिए रिलीव कर दिया जायेगा।



newsnextindia1@gmail.com
NNI हर ख़बर पर पक्की नज़र
न्यूज नेक्स्ट इंडिया | आगरा समाचार

# एकतरफा प्रेम का खूनी अंजाम

## भाई की साली का मर्डर कर युवक ने खुद को मारी गोली

एनएनआई

**एत्मादपुर।** रहनकलां गांव में आकर बीटीसी छात्रा ज्योति को तमंचे से गोली मारकर मौत की नींद सुलाने के बाद स्वयं खुदकुशी करने वाला दीपक पालिटेक्निक का छात्र था। वह अपने बड़े भाई का साढू बनना चाहता था। लेकिन रिश्ते को अस्वीकार किए जाने पर उसने एक तरफा प्यार में आत्मघाती कदम उठाकर सनसनी फैला दी। आज सुबह दोनों मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम के बाद पैतृक गांवों में अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना के बाद अभी तक किसी पक्ष ने पुलिस को तहरीर नहीं दी है।

एत्मादपुर थाना क्षेत्र के गांव रहनकलां निवासी किशनवीर बिल्डिंग निर्माण की ठेकेदारी करते हैं। उन्होंने बड़ी बेटी भारती की शादी 4 साल पहले फिरोजाबाद के थाना नगला सिंघी के गांव रामगढ़ बजेरा निवासी अभिषेक के साथ की थी। छोटी बेटी ज्योति बीटीसी कर रही थी। दामाद अभिषेक का छोटा भाई दीपक गुजरात में पॉलिटेक्निक की पढ़ाई कर रहा था। नवरात्र में वह अपने घर आया था। पुलिस ने बताया कि दीपक का अपने भाई की ससुराल आना-जाना था। वह उसकी साली ज्योति से एकतरफा प्रेम करने लगा। शादी करना चाहता था। मगर, घरवाले सहमत नहीं थे। इससे दीपक परेशान था। कल सुबह 10 बजे वह बाइक से बाल कटवाने की बात कहकर दोपहर 11:30 बजे रहनकलां में भाई अभिषेक की ससुराल पहुंचा। घर में सास सुनीता देवी, उनकी पुत्रवधू और बेटी ज्योति मौजूद थीं। दामाद के भाई के आने पर सुनीता देवी ने नाश्ता दिया।इसके बाद कोल्डड्रिंक लेने रसोई में चली गईं। तभी ज्योति का हाथ पकड़ वह बैठक से कमरे में ले गया। इसके बाद अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। सुनीता देवी ने शोर मचा दिया। दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया। तभी कमरे के अंदर एक के बाद एक दो फायर हुए। शोर मचने पर ग्रामीण आ गए। सूचना मिलने पर सबसे पहले छलेसर चौकी पुलिस पहुंची। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा तो ज्योति खून से लथपथ तख्त पर और दीपक जमीन पर पड़ा था। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय विक्रम सिंह ने बताया कि दोनों मृतक की कनपटी से खून बह रहा था। पुलिस ने कमरे से 312 बोर के तमंचा संग दो खोखे भी बरामद किए हैं। फॉरेन्सिक टीम को भी साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया। छलेसर चौकी पर पंचनामा भरकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जहां बीती रात एक बजे दोनों के शवों का पोस्टमार्टम हुआ। इसके बाद आज सुबह पांच बजे दोनों के शवों को परिजन अपने अपने गांव ले गए। सुबह सात बजे ज्योति का रहनकलां में यमुना किनारे और दीपक का उसके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया।







"प्रथम दृष्टया मामला एकतरफा प्रेम का प्रतीत हो रहा है। युवती के जीजा का भाई उससे प्रेम करता था। मगर, परिजन शादी को तैयार नहीं थे। इस वजह से उसने पहले युवती की कनपटी पर गोली मारी। इसके बाद खुद भी कनपटी पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

**पीयूष कांत राय,**
**सहायक पुलिस आयुक्त एत्मादपुर"**

### चार माह के भतीजे ने दी चिता को मुखाग्नि

मृतक दीपक का अंतिम संस्कार आज सुबह नौ बजे पैतृक गांव रामगढ़ बजेरा में गमगीन माहौल में हुआ। चिता को मुखाग्नि चार माह के अबोध भतीजे का स्पर्श कराकर दी गई। दीपक के परिजन उसको इंजीनियर बनाना चाहते थे। इस लिए गुजरात के अहमदाबाद में बीटेक में एडमीशन कराया था। उसकी मौत के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। आज सुबह जब उसका शव गांव में पहुंचा तो परिजन और रिश्तेदारों संग पूरा गांव एकत्रित हो गया। गमगीन माहौल में नौ बजे अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि के लिए चार माह के अबोध भतीजे का स्पर्श कराया गया तो यह मार्मिक दृश्य देखने वाले द्रवित हो गए।

## 12 लाख रुपए की केबल चुराने वाले 4 चोर दबोचे



एनएनआई

**एत्मादपुर।** बिजली विभाग की भूमिगत लाइन को काटकर 450 मीटर केबल चुराने वाले चार चोर इलाका पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। जबकि उनके अन्य साथी भागने में सफल हो गए। पकड़े गए चोर थाना बरहन क्षेत्र के बताए गए हैं। यमुना एक्सप्रेस-वे के इनर रिंग रोड स्थित रहनकलां टोल प्लाजा पर वारदात करने जा रहे इन चोरों को पुलिस ने बीती रात चेकिंग के दौरान दबोच लिया। पूछताछ और फरार साथियों की धर पकड़ में लगी पुलिस फिलहाल कोई जानकारी देने से कतरा रही है। पकड़े गए संदिग्धों से एक मैजिक टेंपो बरामद किया गया है। गौरतलब है कि विगत रात बुढ़िया का ताल स्थित 132 केवीए उपकेंद्र से एत्मादपुर सब स्टेशन को जाने वाली भूमिगत विद्युत लाइन को ब्रेक डाउन कर 450 मीटर केबल चोर काट ले गए थे। चोरी गई केबल की कीमत 12 लाख रुपए बताई जा रही है।

## शिशु बालगृह में मिली लापता बच्ची



**एत्मादपुर** एनएनआई । नवरात्र के पहले दिन से लापता नौ वर्षीय बच्ची नंदनी की सकुशल घर वापसी हो गई है। थाना ट्रांस यमुना पुलिस ने उसे हाइवे से बरामद कर शिशु बालगृह में संरक्षित करा दिया था। बुधवार को एनएनआई में खबर प्रकाशित होने के बाद ट्रांस यमुना पुलिस ने थाना प्रभारी निरीक्षक विजय विक्रम सिंह को बच्ची के बारे में जानकारी दी। इसके बाद पीड़ित पिता रामू राठौर अपनी बेटी को घर ले आए। रामू ने बताया कि उसकी बेटी सकुशल है।

## आगरा छावनी कार्यालय फिर पहुंची सीबीआई, दस्तावेज खंगाले

एनएनआई

**आगरा।** छावनी परिषद में बंगलों के आवंटन में गड़बड़ियों और अवैध रूप से चल रही व्यावसायिक गतिविधियों के मामले में बुधवार को एक बार फिर से जांच शुरू कर दी है। सीबीआई की टीम ने बुधवार को 3 घंटे तक छावनी परिषद के कार्यालय में छावनी के दो अधिकारियों से पूछताछ की। एक गेस्ट हाउस और एक रेस्टोरेंट के बारे में जानकारी हासिल की।

**छह मार्च को शुरू की थी जांच**

छावनी परिषद में पूर्व में हुई अनियमितताओं को लेकर 6 मार्च को सीबीआई की टीम ने जांच शुरू की थी। कई बंगलों का निरीक्षण किया था। बंगलों में चल रहे गेस्ट हाउस, नहीं बनी मैरिज होम और रसगुल्ला हाउस की जांच की थी। बुधवार को एक बार फिर छावनी परिषद पहुंची टीम ने छावनी के दो अधिकारियों से व्यावसायिक गतिविधियों और आवंटन के विषय में पूछताछ की।

**तीन घंटे तक रही सीबीआई**

टीम करीब तीन घंटे तक परिषद के कार्यालय में रही। इससे छावनी के कर्मचारियों में बेचैनी रही। दो सदस्यीय टीम ने आवंटन और लीज आदि के कई दस्तावेजों को जांच के लिए चेक किया। टीम ने रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस की अनुमति के बारे में जानकारी ली है। लीज की कई संपत्तियों के बारे में भी जांच की जा रही है। टीम अभी शहर में है और बृहस्पतिवार को भी जांच पड़ताल जारी रहेगी। इस संबंध में छावनी के किसी अधिकारी ने कोई जानकारी देने से इनकार किया।

**वैधानिक सूचना**

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

## ताज दीदार को पांच घंटे का इंतजार...धूप और गर्मी से पर्यटक हुए बेहाल

### वीवीआईपी विजिट से ताज पर टिकट के लिए धक्का-मुक्की, बिलखने लगे बच्चे...तीन पर्यटक हुए बेहोश

एनएनआई

**आगरा।** चिली के राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ताजमहल देखकर जैसे ही विदा हुए, टिकट लेने के लिए काउंटर पर भीड़ टूट पड़ी। धक्का-मुक्की और मारामारी से हालात बदतर हो गए। सीआईएसएफ की व्यवस्था फेल नजर आई। गर्मी और भीड़ में दबकर बच्चे बिलखने लगे, वहीं तीन पर्यटक बेहोश हो गए। चिली के राष्ट्रपति के लिए दोपहर 12:30 बजे ही टिकट काउंटर बंद कर पर्यटकों की रोक लगा दी गई थी। राष्ट्रपति 4:20 बजे आए आए और घंटेभर तक रहे। शाम को 5:20 बजे राष्ट्रपति के जाते ही टिकट काउंटर खोल दिया गया। पांच घंटे से इंतजार कर रहे पर्यटक खिड़की पर टिकट लेने के लिए टूट पड़े।



नाई की मंडी निवासी मोहम्मद नासिर की दो साल की बच्ची जैनद अधिक भीड़ के चलते गुम हो गई थी। ताज सुरक्षा पुलिस ने करीब आधा घंटे बाद तलाशकर बच्ची को परिजन के सुपुर्द किया।

हालत यह रही कि कई पर्यटक एक-दूसरे के कंधों पर चढ़ गए। धक्का-मुक्की में कई महिला पर्यटक और बच्चे फंस गए। बच्चे बिलखने लगे। ताजमहल देखने आए तीन पर्यटक बेहोश हो गए। साथियों ने चेहरे पर पानी छिड़का और भीड़ से अलग लेकर गए। कुछ देर बाद वे सामान्य हो पाए।

काउंटर पर पर्यटकों की भीड़ देखते हुए सीआईएसएफ भी व्यवस्था संभालने में फेल हो गई। वरिष्ठ संरक्षण सहायक प्रिंस वाजपेयी ने कहा कि चिली के राष्ट्रपति के चलते ताजमहल में करीब 5 घंटे टिकट काउंटर बंद कर दिया था। उनके जाते ही पर्यटक टिकट लेने के लिए दौड़ पड़े। सीआईएसएफ ने व्यवस्थाएं संभालीं। घंटों इंतजार करने से कई की हालत ही खराब हो गई। यातायात रोकने से स्थिति और बदतर हो गई।

सत्यता और निष्पक्षता के साथ नई बुलंदियों पर

NNI हर खबर पर पक्की नज़र

# न्यूज नेक्स्ट इंडिया

## अपना आगरा

गुरुवार, 03 अप्रैल, 2025 www.nnindianews.com



# सड़क किनारों से हटे मलबा, क्षतिग्रस्त रोड सुधारी जाएः मंडलायुक्त

### मेट्रो स्टेशन के आसपास सौंदर्यीकरण कराए जाने के दिए निर्देश



एनएनआई

**आगरा।** मंडलायुक्त शैलेंद्र कुमार सिंह ने मेट्रो रेल स्टेशनों के समीप क्षतिग्रस्त सड़कों, टूटे फुटपॉथों के जीर्णोद्धार एवं यात्रियों के लिए सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मंडलायुक्त ने ये निर्देश बुधवार को आगरा मेट्रो, नगर निगम, पीडब्लूडी, एनएचएआई, एडीए आदि विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक में दिए।

बैठक में मेट्रो के परियोजना निदेशक को अवगत कराया कि मेट्रो स्टेशन के कई जगह अवैध रूप से अतिक्रमण हो रखा है, लिंक रोड और फुटपाथ जगह-जगह क्षतिग्रस्त हैं, जिससे यातायात धीमा हो जाता है। सड़क किनारे पड़े मलबे को शीघ्र ही हटाए जाने की आवश्यकता है। मंडलायुक्त ने नगर निगम और पीडब्लूडी विभाग से कहा कि मेट्रो स्टेशन के समीप सभी प्रकार के अतिक्रमण हटाए जाएं। क्षतिग्रस्त लिंक रोड़ और फुटपॉथ का जीर्णोद्धार किया जाए। नगर निगम व एडीए को मेट्रो स्टेशन के आसपास सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाने के भी निर्देश दिए गये। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि संबंधित विभागों के सभी अधिकारियों की मेट्रो अधिकारियों संग एक समिति गठित की जाए। इस समिति द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया जाए। समिति में मेट्रो विभाग के अधिकारियों के साथ अपर जिलाधिकारी नगर, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम के मुख्य अभियंता निर्माण, एडीए अधिशासी अभियंता, पीडब्लूडी, ट्रैफिक पुलिस और एनएचएआई के अधिकारी मौजूद रहेंगे। बैठक में परियोजना निदेशक अरविंद राय, नगरायुक्त अंकित खंडलेवाल, अपर जिलाधिकारी नगर अनूप कुमार, अपर नगरायुक्त श्री सुरेन्द्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण बी एल गुप्ता, एडीए मुख्य अभियंता आरआरपी सिंह सहित पीडब्लूडी और एनएचएआई अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क पटरी निर्माण में लापरवाही पर एक लाख जुर्माना

### पश्चिमपुरी चौराहे पर होगा होर्टीकल्चर गार्डन विकसित

**आगरा (एनएनआई)।** सड़क पटरी के निर्माण में लापरवाही पर नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने ठेकेदार पर 1 लाख रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। वे बुधवार सुबह शहर के निरीक्षण पर निकले थे। इस दौरान ठेकेदार की लापरवाही उजागर हुई। नगरायुक्त ने बुधवार सुबह कारगिल पेट्रोल पंप, ईंट मंडी, बोदला रोड होते हुए शास्त्रीपुरम और पश्चिमपुरी का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था को परखा। कारगिल पेट्रोल पंप से ईंट की मंडी तक सड़क के दोनों ओर गंदगी पाए जाने पर उसे साफ कराने और वहां लगी ठेल धकेल को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। वहीं भारत मार्बल कंपनी के संचालक ने सड़क किनारे टूटी टाइल्स आदि डालने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उस पर जुमार्ना लगाने के लिए कहा। ईंट की मंडी क्षेत्र में सड़क पटरी का निर्माण कर रहे ठेकेदार पर एनजीटी की गाइड लाइंस का पालन नहीं करने पर एक लाख रुपए का जुमार्ना लगाने का निर्देश दिया। पश्चिमपुरी चौराहे पर उन्होंने होर्टीकल्चर गार्डन विकसित करने के लिए सहायक लेखधिकारी विपिन यादव को निर्देशित किया। प्राची टॉवर के निकट नगर निगम की खाली पड़ी भूमि की बाउंड्रीवाल बनाने के साथ ही इसमें लगने वाले प्रोजेक्ट के लिए आर्किटेक्ट से नक्शा बनवाने के आदेश भी उन्होंने मुख्य अभियंता को दिए।



## कंगना के वकील ने जवाब देने को मांगा अतिरिक्त समय



■ किसानों के अपमान से जुड़े मामले में अगली सुनवाई 16 अप्रैल को

एनएनआई

**आगरा।** बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी क्षेत्र से भाजपा की सांसद कंगना रनौत के खिलाफ राष्ट्रद्रोह और किसानों के अपमान से जुड़े मामले में बुधवार को सुनवाई हुई। स्पेशल कोर्ट (एमपी-एमएलए) में हुई सुनवाई के दौरान कंगना की ओर से उनके वकील ने जवाब प्रस्तुत नहीं किया। कंगना के वकील ने जवाब दाखिल नहीं किया और अतिरिक्त समय की मांग की थी। कंगना के वकील ने स्थानीय अधिवक्ता के पत्र का जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा। जिसका वादी पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने विरोध किया। वादी पक्ष के अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा, दुर्ग विजय सिंह भैया, रामदत्त दिवाकर, बीएस फौजदार, आरएस मौर्य, नवीन वर्मा, राकेश नौहवार और ओपी वर्मा आदि वरिष्ठ वकीलों ने कहा कि यह मामला पिछले आठ महीनों से लंबित है, क्योंकि कंगना या उनके वकील बार-बार अनुपस्थित रहते हैं। अधिवक्ताओं ने बताया कि कंगना को कोर्ट द्वारा कई बार नोटिस भेजे गए हैं, जिनकी तामील भी हो चुकी है।

इसके बावजूद उनके वकील अब जवाब के लिए अतिरिक्त समय मांग रहे हैं, जिससे मामले में देरी हो रही है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद कंगना के वकील को फिलहाल जवाब देने का अतिरिक्त समय न देते हुए 16 अप्रैल को संज्ञान बहस के लिए अगली तारीख निर्धारित कर दी है।

## झूलेलाल के भजनों पर झूमे भक्त, किया अभिषेक



एनएनआई

**आगरा।** चेटीचंड के उपलक्ष्य में सरस्वती नगर में जय शिव शक्ति मंदिर में भगवान झूलेलाल का अभिषेक पंडित अभये शंकर ने किया । कॉलोनी निवासियों ने आरती कर भजन कीर्तन का आनंद लिया। नरेंद्र भगत ने मधुर भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके "आयो लाल झूलेलाल" और "माता रानी झूलेलाल" भजनों का सभी ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर पार्षद मीनाक्षी वर्मा, कंचन , ज्योति, रितिका, आंचल वाधवानी, पूजा , कोमल , अनीता , सोनिया मुलानी , कुमकुम, नेहा, श्वेता, दिव्या, दीपिका, भावना, सिमरन, भाविका, भूमि, जया, देवानी तृप्ता, मधु, जियानीलम, पूनम, प्राची, प्रेरणा, सलोनी, उषा, ज्योत्सना, प्रियल प्रकाश मंगवानी, सोनू, गुलाब राम, सतीश, अवधेश, हरीश खूबचंदानी, नरेंद्र कमल, मुकेश गुड्डा, तरुण, हरीश वीरवानी, हरजेश, राजा विक्की, गगन, सुधीर, राकेश, नितेश, आनंद, मनीष सुरेश आदि मौजूद रहे।

# उत्तर मध्य रेलवे के 81 कर्मी पुरस्कृत

## महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने न्यूजलेटर 'प्रत्यूष' के 100वें अंक का किया विमोचन




एनएनआई

**आगरा।** उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह 2024 का आयोजन उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने उत्तर मध्य रेलवे के कुल 81 रेल कर्मी पुरस्कृत हुए । जिसमें से आगरा मंडल के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक कुलदीप मीना व 13 रेल कर्मचारी शामिल हैं। अध्यक्षता महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे उपेन्द्र चन्द्र जोशी ने की। इस दौरान उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष चेतना जोशी, अपर महाप्रबंधक, समस्त प्रमुख विभागाध्यक्ष, मंडल से पधारे मंडल रेल प्रबंधकगण की उपस्थिति रही। इस अवसर पर उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क विभाग की वाल न्यूजलेटर 'प्रत्यूष' के 100वें अंक के उपलक्ष्य में प्रकाशित विशेषांक का विमोचन किया गया। महाप्रबंधक ने कहा कि, प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हुआ। उत्तर मध्य रेलवे के कर्मचारियों के अथक प्रयासों एवं बिना किसी अप्रिय घटना के लगातार ट्रेनों का संचालन किया गया तथा करोड़ों श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य स्थान तक सकुशल पहुंचाया गया। उत्तर मध्य रेलवे की यह गौरवपूर्ण उपलब्धि है। जोशी ने इस अवसर पर पुरस्कृत होने वाले सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी। कार्यक्रम के शुभारंभ में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी अनुराग त्रिपाठी ने महाप्रबंधक महोदय का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाप्रबंधक तथा अध्यक्षा, उत्तर मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन ने दीप प्रज्वलन कर की। इसके उपरांत प्रधान मुख्य कार्मिक द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सभी आगंतुकों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मण्डलों, कारखानों व इकाइयों को शील्ड प्रदान की गई। आगरा मण्डल ने 06 शील्ड प्राप्त की गई। आगरा मंडल को यांत्रिक विभाग आगरा को वेस्ट कोचिंग रैक कप, इंजीनियरिंग विभाग को ब्रिज शील्ड, विद्युत विभाग को रनिंग रूम शील्ड, सुरक्षा विभाग को सुरक्षा दक्षता शील्ड, संकेत एवं दूरसंचार विभाग को सिग्नल दक्षता शील्ड, स्पोर्ट्स विभाग को खेलकूद शील्ड की प्राप्ति हुई। मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा विशिष्ठ रेल सेवा पुरस्कार मिलने पर रेल अधिकारी एवं कर्मचारियों को बधाई दी।

# चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की जगह नहीं ले सकता एआईः सीए गौरव सिंघल




एनएनआई

**आगरा।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की आगरा शाखा ने बुधवार शाम 4 बजे से सीए सदस्यों के लिए बैंक ऑडिट विषय पर एक सेमिनार का आयोजन संजय प्लेस स्थित कार्यालय पर किया। उद्घाटन वक्ता सीए नितेश गुप्ता के साथ सीए गौरव सिंघल, अध्यक्ष एवं सीए करण पंजवानी, कोषाध्यक्ष ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

आगरा शाखा के अध्यक्ष सीए गौरव सिंघल ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। वक्ता सीए नितेश गुप्ता ने बताया कि बैंक ऑडिट बिना चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के नहीं किया जा सकता है चाहे कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कितना भी विकसित हो जाए। वक्ता ने बैंक ऑडिट के दौरान बरतने वाली सावधानियों के बारे समझाया और बैंक ऑडिट को किस प्रकार सुगमता पूर्वक कर सकते हैं।

वक्ता सीए नितेश गुप्ता ने कहा कि स्टॉक स्टेटमेंट लंबित स्थिति रिपोर्ट या बड़े/लागू खातों में परिचालन नियंत्रण विवरणों की प्रस्तुति की जांच करें एवं उपलब्ध वित्तीय विवरणों की जांच करें।

साथ ही लेखापरीक्षित वित्तीयों के अधीन लंबित स्थिति और लेखापरीक्षित वित्तीयों के बिना सीमा के नवीनीकरण की जांच करें। क्रेडिट निगरानी या वित्तीय विवरण या लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणों के आधार पर सुविधाओं का नवीनीकरण न करना। आदि को गहनता से जांचना चाहिए।

सेमिनार का संचालन सीए करण पंजवानी ने किया । सेमिनार में सीए समित शर्मा, अजय गर्ग, अनुराधा गुप्ता, क्रिशन मुरारी खंडेलवाल, अभिषेक अग्रवाल, अमित गोयल, जयंत मुल्तानी, प्रवीण अग्रवाल, राजेश कुमार सिंह, ललित वर्मा, दीपक खंडेलवाल, अंकित सिंघल, लोकेश गर्ग, राम लाल अग्रवाल, रविन्द्र गोयल आदि सदस्यों ने सेमिनार में भाग लेकर लाभ उठाया।

# आबकारी विभाग की मनमानी पर चार बाग, रुई की मंडी के लोगों में आक्रोश

## जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर नियम विरुद्ध शराब की दुकान हटवाने की मांग

- मानकों को ताक पर रख स्कूल और मंदिर के पास खुला शराब का ठेका
- कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने भी निष्पक्ष एजेंसी से जांच करने की संस्तुति की




एनएनआई

**आगरा।** राजस्व को बढ़ाने के लिए आबकारी विभाग नियमों को ताक पर रखकर स्कूल और मंदिर के पास शराब का ठेका खोल रहा है। स्कूल के पास शराब का ठेका खुलने से रुई की मंडी चारबाग क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। लोगों ने रुई की मंडी चारबाग व्यापार समिति और प्राचीन शिव मंदिर ट्रस्ट के तत्वाधान में जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी के नाम सिटी मजिस्ट्रेट वेद सिंह चौहान को ज्ञापन देकर नियम विरोध खुली दुकान को बंद कराने की मांग की।

बता दें कि रुई की मंडी तहसील मार्ग पर प्राचीन शिव मंदिर एवं ब्राइट लैंड स्कूल (यूडाइस - 09151713736) से अंग्रेजी शराब की दुकान की दूरी का सत्यापन विभाग के श्रीराम आबकारी निरीक्षक सेक्टर 5 ने 8 फरवरी को सर्वे में किया था। उन्होंने आख्या/रिपोर्ट दी है कि अंग्रेजी शराब कि दुकान नियमावली 1968 के नियम 04(क) के अनुसार संचालित हो रही है।

जबकि क्षेत्रीय व्यापारियों का कहना है कि यह आख्या/रिपोर्ट गलत है। वीडियो के रूप में साक्ष्य है जिसमें आबकारी निरीक्षक स्वयं कह रहे हैं कि मंदिर से अंग्रेजी शराब की दुकान 43 मीटर की दूरी पर है। कलेक्ट्रेट पहुंचे लोगों ने जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंप कर मांग उठाई कि इसकी दोबारा पैमाइश कराई जाए तथा तथा पूर्व में की गई जांच गलत पाई जाने की स्थिति में निरीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

समिति के अध्यक्ष शुभम त्यागी ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए रुई की मंडी में कम्पोज़िट शॉप के लिए लोकेन्द्र त्यागी (क्रमांक संख्या 45) एवं देशी शराब की दुकान के लिए अंतिम आवंटी दिनेश कालरा (क्रमांक संख्या 28) को ठेका मिला है। ये दुकानें मंदिर से क्रमशः 41 एवं 38 मीटर की दूरी पर खुलने जा रही हैं। जोकि उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश का खुला उल्लंघन है। रुई की मंडी चारबाग व्यापार समिति के संरक्षक विकास गोयल ने बताया इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मई 2024 में प्रस्तुत जनहित याचिका में एक ठेके को निरस्त किया गया है जो स्कूल से 30 मीटर की दूरी पर था। महासचिव डॉ. बीएल गर्ग और कोषाध्यक्ष हैप्पी ने बताया कि बीते दिनों शाहगंज के व्यापारियों ने उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के समक्ष भी समस्या को उठाया था जिस पर उन्होंने जिला अधिकारी से प्रकरण की जांच निष्पक्ष एजेंसी से करने की संस्तुति की थी।

# डीएम के आश्वासन से जागी उम्मीदः मनोज शर्मा

- पापा संस्था के पदाधिकारी जिलाधिकारी से मिले, जांच कमेटी बनाने की मांग



एनएनआई

**आगरा।** प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ पेरेंट्स, टीम पापा ने जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी से मुलाकात कर पूर्व में दी निजी विद्यालयों के कमीशनखोरी की शिकायत पर अभिभावकों को आर्थिक लूट से बचाने की बात कही। संस्था संरक्षक मनोज शर्मा ने कहा कि कमीशनखोरी में लिप्त निजी विद्यालयों की वजह से अभिभावक आर्थिक शोषण से त्रस्त हैं। डीएम से मांग करते हुए कहा कि जांच कमेटी का गठन किया जाए जिसमें अभिभावक संस्थाओं को भी निष्पक्षता के लिये शामिल किया जाए। संस्था ने कहा कि कमीशनखोरी जांच कमेटी के सामने अभिभावकों के बयान लिये जाएं। स्कूलों के बुकसेट और यूनिफार्म निर्धारित दुकानों से खरीदने को क्यों बाध्य किया जाता है। जांच कमेटी विद्यालयों से पूर्व व वर्तमान वर्ष की सभी कक्षा की शुल्क रशीद मंगवाकर, अभिभावक के सामने सत्यापन करें । प्राइमरी व बेसिक स्तर पर चल रहे, छोटे विद्यालय जो अपने विद्यालयों से ही किताबें, बस्ते, परिधान खुले आम बेच रहे हैं, उनके खिलाफ छापामार दल गठित कर कार्रवाई की जाए। टीम पापा के संरक्षक मनोज शर्मा ने कहा है, जिलाधिकारी ने उचित समाधान के लिये जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुये संस्था को आश्वासन दिया है कि नियमों का अनुपालन न करने वालों पर जांच कर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# वाओ इट्स सो ब्यूटीफुल

## रिपब्लिक आफ चिली के राष्ट्रपति ग्रेबियल बोरिक ने निहारा ताजमहल





एनएनआई

**आगरा।** रिपब्लिक ऑफ चिली के राष्ट्रपति ग्रेबियल बोरिक फॉन्ट ने ताजमहल का दीदार किया। ताजमहल को देखते ही वो बोले- वाओ इट्स सो ब्यूटीफुल। आई हैव नेवर सीन अ मोन्यूमेंट सो फेसीनेटिंग। (वाह, यह बहुत सुंदर है। मैंने अपने जीवन में इससे सुंदर इमारत नहीं देखी)। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने किया। राष्ट्रपति ने लगभग एक घंटा ताजमहल में बिताया। उनके आगमन की वजह से ताजमहल डेढ़ घंटे तक बंद रहा।

ग्रेबियल बोरिक फॉन्ट लगभग तीन बजे खेरिया हवाई अड्डे पर उतरे। जहां कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बुके देकर उनका स्वागत किया। वहां मयूर नृत्य भी किया गया। वहां से उनका काफिला शिल्पग्राम पहुंचा। उनके काफिले में लगभग 20 गाड़ियां थीं। शिल्पग्राम में भी उनके स्वागत में कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत किया। उन्होंने नृत्य की तारीफ की। गोल्फ कार्ट से राष्ट्रपति ग्रेबियल ताजमहल पहुंचे।उनके साथ योगेंद्र उपाध्याय भी रहे। गाइड नितिन सिंह ने ग्रेबियल को ताजमहल के इतिहास की जानकारी दी।इस दौरान पुलिस कमिश्नर रविंद्र जे. गौड़, डीएम अरविंद मलप्पा बंगारी, सीआईएसएफ कमांडेंट मौजूद रहे। सभी ने ताजमहल का प्रतीक चिन्ह उपहार स्वरूप दिया। एएसआई के अधीक्षक पुरातत्व राजकुमार मीना से भी उन्होंने कई सवाल किए। पूरा ताजमहल डेढ़ घंटे के लिए बंद रखा गया था।



# प्रभु अजितनाथ का निर्वाण कल्याणक महोत्सव मनाया

एनएनआई

**आगरा।** पदमप्रभु जिनालय परिवार अवधपुरी के अन्तर्गत वात्सल्य सेवा समिति के तत्वावधान में दूसरे तीर्थंकर श्री अजितनाथ भगवान का निर्वाण कल्याणक दिवस मनाया गया, यह दिवस आगरा के अवधपुरी स्थित नवनिर्मित श्री 1008 पद्मप्रभु जिनालय में बड़े ही उत्साहपूर्वक के साथ आयोजित किया गया। जहां अजितनाथ भगवान का निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य विवेक जैन परिवार को प्राप्त हुओ जिसमें उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं ने पंडित श्री विवेक जैन शास्त्री के निर्देशन में निर्वाण काण्ड का वाचन कर श्रीजी के समक्ष निर्वाण लाडू चढ़ाया। इस अवसर इंद्रप्रकाश जैन,राकेश जैन विवेक जैन,प्रवीन कुमार जैन,नरेंद्र जैन,रवि जैन,शुभम जैन,रश्मि जैन जैन,पुष्पा जैन,करूणा जैन,अलका जैन,सीमा जैन,समस्त पदमप्रभु जिनालय परिवार के सदस्य एवं समग्र जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

# करणी सेना के खिलाफ एकजुट हुए सपाई




एनएनआई

**आगरा।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन पर करणी सेना द्वारा उनके घर पर तोड़फोड़ एवं जान लेवा हमले हुआ। उसी को लेकर आज जिला आगरा कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाई गई।

महत्वपूर्ण बैठक में जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा ने कहा कि करणी सेना द्वारा राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन को लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से चुनौती देकर एवं बुलडोजर लेकर एक राज्य से दूसरे राज्य में एवं सात थाने को पार कर-के रामजी लाल सुमन के घर पर जान लेवा हमला हुआ और पुलिस की मौजूदगी में हुआ जबकि उस दिन आगरा में कुछ ही दूर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी मौजूद थे। उनके मौजूदगी में पुलिस के सामने रामजी लाल सुमन पर जान लेवा हमला हुआ। इसके बावजूद भी करणी सेना के कुछ अराजक तत्व के लोग सोशल मीडिया के माध्यम से फेसबुक के माध्यम से लगातार 12 अप्रैल को दोबारा से उनको जान से मारने की एवं घर पर हमला करने की धमकी दे रहे हैं। पार्टी के कार्यकताओं नेताओं को निर्देश दिए कि वह शांति बनाए रखें और हम सरकार से मांग करते हैं कि रामजीलाल सुमन देश के बहुत बड़े नेता हैं उनके घर पर दोबारा हमला होना बहुत शासन प्रशासन की के लिए बहुत बड़ी शर्मनाक बात होगी।

# टीयर्स में मनाया गया ऑटिज्म डे



एनएनआई

**आगरा।** टीयर्स बौद्धिक दिव्यांगजन संस्थान में वर्ल्ड ऑटिज्म जागरूकता दिवस मनाया गया। आई ए टी के अध्यक्ष डॉ संजीव अग्रवाल, डॉ राहुल पेंगोरिया सेक्रेटरी, डॉ स्वाति द्विवेदी कोषाध्यक्ष, डॉ ऋषि बंसल व डॉ संजय सक्सेना चाइल्ड स्पेशलिस्ट, डॉ तरुनेश शर्मा न्यूरोसर्जन द्वारा ऑटिज्म के कारण पहचान व उपाय के साथ लक्षण भी बताये गये। उन्हें किस प्रकार प्रशिक्षित करना है इस पर गहन परिचर्चा हुई जिसमें स्टाफ व अभिभावक उपस्थित रहे। बच्चों ने ब्लू डे प्रोग्राम भी किये। संस्था की डायरेक्टर डॉ रीता अग्रवाल ने अभिभावकों से कहा कि जिनके भी बच्चे इस प्रकार हो उनकी कमी को छुपाना नहीं है उन्हें किसी स्पेशल स्कूल में जाकर उचित परामर्श लेने की अति आवश्यकता है जिनसे उन बच्चों का उचित विकास हो सके।

# जीडी गोएनका के प्रधानाचार्य पुनीत वशिष्ठ को मिला 'थॉमस मान लिटरेरी अवार्ड'

एनएनआई

**आगरा।** वैश्विक हिंदीशाला संस्थान एवं सुजनी, जर्मनी द्वारा हिंदी भाषा के उत्थान एवं विकास में उनके अमूल्य योगदान हेतु जीडी गोएनका आगरा के प्रधानाचार्य पुनीत वशिष्ठ को प्रतिष्ठित 'थॉमस मान लिटरेरी अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हिंदी भाषा, भारतीय साहित्य, कला, विज्ञान और संस्कृति के प्रचार-प्रसार में उनकी उत्कृष्ट भूमिका को मान्यता प्रदान करता है।

पुनीत वशिष्ठ को यह पुरस्कार उनकी हाल ही में प्रकाशित पुस्तक मृत्युंजय तथा शिक्षा के क्षेत्र में संस्कारों के प्रचार-प्रसार, उनकी रचनात्मक दृष्टि, और हिंदी भाषा में उनके विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान जर्मनी के कोलोन शहर में संचालित संस्था द्वारा प्रदान किया गया, जो हिंदी भाषा के उत्थान के लिए समर्पित है। वैश्विक हिंदीशाला संस्थान की संस्थापक डॉ. शिप्रा शिल्पी सक्सेना और संस्था की सचिव क्रिस्टीन म्यूलर ने इस प्रतिष्ठित सम्मान की घोषणा की। उन्होंने कहा कि श्री पुनीत वशिष्ठ की हिंदी भाषा के प्रति प्रतिबद्धता और योगदान अत्यंत प्रेरणादायक हैं।

# रिवाज ने बांटी सुराही और पक्षियों का दाना-पानी पात्र



**आगरा एनएनआई।** रिवाज संस्था की ओर से स्व कृष्ण बिहारी लाल सक्सेना की याद में लोगों को सुराही तथा पक्षियों के दाना पानी के लिए पात्र वितरित किए गए। संस्था का कहना है कि गर्मी में पक्षियों का विशेष ध्यान रखना चाहिए जिससे कि उन्हें दाना पानी के लिए परेशान न होना पड़े। इस अवसर पर सरला सक्सेना, अरविंद सक्सेना, मधु सक्सेना, सुनीता सक्सेना अंकिता सक्सेना आदि मौजूद रहे।



# प्राचीन मंदिर से नागराज व घंटे चुरा ले गया चोर

एनएनआई



**कागारौल।** बढ़ते महंगाई के दौर में बेरोजगार नौजवान अप्राकृतिक घटनाओं को जमकर अंजाम दे रहे हैं एवं वह ये भूल जाते हैं कि कोई भी छोटी सी चोरी की घटना के बड़े परिणाम भी आ सकते हैं एक वर्षों पुराने मंदिर में चोरी की घटना घटित हुई जिससे गाँव में तनाव फैल गया एवं पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में लेते हुए जांच शुरू कर दीं है।

विनाश काले विपरीत बुद्धि, पुराने समय से एक कहावत पूर्वज देते आ रहे हैं जिसका प्रचलन आज के समय में भी कुछ लोगों पर सटीक बैठता है। दरअसल थाना क्षेत्र कागरोल की ग्राम पंचायत बीसलपुर में वनखंडी महादेव का काफी पुराना मंदिर है जिससे काफी लोगों की आस्था जुडी हुई है। वहीं मंदिर में शिवलिंग को घेरे हुए नागराज खडे हैं व ऊपर घंटे लटके हुए हैं जिन्हे बीते दिन एक चोर चुराकर ले गया। वहीं चोर यह बात भूल गया कि ये सासरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो रही थी। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि गांव और क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को चोरों द्वारा लगातार अंजाम दिया जा रहा है। पहले भी क्षेत्र में काफी चोरीयां हो चुकी हैं मंदिरों से घंटा चोरी,दान पात्र से धन चोरी इत्यादि लेकिन आज चोर ने वर्षों पुराने बरखंडी महादेव मंदिर को अपना निशाना बना डाला। ग्राम प्रधान हाकिम सिंह और ग्राम वासियों ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।थाना प्रभारी कागारौल ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा व्यक्ति गाँव नगला काले के नाई समाज का युवक है। जिसको जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## महिला को कमरे में बंद कर दिनदहाड़े नकदी आभूषण चोरी

**फतेहपुर सीकरी** एनएनआई। ग्राम डाबर में देखने को मिला जहा बेखौफ बदमाशों ने घर में अकेली महिला को कमरे में बंद कर दिनदहाड़े नकदी आभूषण चोरी की घटना को अंजाम दे दिया।

डाबर निवासी बच्चू सिंह ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि बुधवार दोपहर मेरी पुत्रवधू शालू घर में अकेली थी। फसल काटने वाला दरांती लेकर दो व्यक्ति घर में घुस आए। शालू की गर्दन पर दरांती रखकर कमरे में बंद कर दिया। दूसरे कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर 12,000 की नकदी एवं लाखों के सोने चांदी के आभूषण चोरी करके ले गए। घर के दरवाजे पर भी एक व्यक्ति निगरानी के लिए खड़ा रहा। दिनदहाड़े घटी घटना से पीड़ित परिवार असमंजस में है। ग्रामीण भी ऐसी घटना से अचंभित रह गए हैं। तहरीर देने थाने आए पीड़ित बच्चू सिंह ने घटना को अंजाम देने वालों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## बैंक से लौट रहे पूर्व फौजी के बैग से 31 हजार रुपये किए पार

एनएनआई

**बाह।** बासौनी के हरलालपुरा गांव के रहने वाले पूर्व फौजी लालजीत सिंह के बैग से बाह की एसबीआइ शाखा के बाहर निकलते ही 31 हजार रुपये पार किए जाने का मामला सामने आया है। हरलालपुरा के लालजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बुधवार की दोपहर 2 बजे के करीब बाह की एसबीआइ शाखा में अपने पेंशन खाते से 33 हजार रुपये निकाले थे। 31 हजार रुपये बैग में रख लिए थे। 2000 रुपये जेब में रख लिए थे। बैंक से निकलते ही बैग से 31 हजार रुपये किसी ने पार कर दिए। बैग टटोलने पर रुपये चोरी होने का अहसास हुआ। छानबीन के दौरान पॉलिथिन में रखे 600 रुपये नाली में पड़े मिले। पूर्व फौजी ने बताया कि पिछले साल भी बैग से रुपये चोरी हुए थे। पुलिस ने बैंक और आस पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। पूर्व फौजी को जांच और कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अवैध शराब की ब्रिकी में पूर्व प्रधान का पुत्र अरेस्ट

**पिनाहट** एनएनआई। घर से अवैध शराब की बिक्री कर रहे पूर्व प्रधान के पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना बसई अरेला पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर मानिकपुरा के पूर्व प्रधान दौजीराम के घर पर छापा मारा। जहां से पुलिस ने पूर्व प्रधान के पुत्र मोहन सिंह को अवैध शराब की बिक्री करते हुए पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार आरोपित 45 पौवआ देशी शराब और 855 ट्रैटा पैक के जो अवैध रूप से लाए गए थे। बरामद किये है। जिसके खिलाफ थाना डोकी में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपित को आबकारी अधिनियम के तहत जेल भेज दिया है।

# अतीत की याद में जैतपुर में आज कवि सम्मेलन

**जैतपुर** एनएनआई। कवि और साहित्यकारों की दुनिया में अपनी लेखनी से पहचाने जाने वाली कवि स्व डॉ भगवती प्रसाद मिश्र जिन्हें कवि सम्मेलन की दुनिया में अतीत के नाम से जाना जाता है उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर जैतपुर कस्बा में एक भव्य अतीत अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें स्वर्गीय डॉ भगवती प्रसाद मिश्र को श्रद्धांजलि देने के लिए बड़े-बड़े कवि एवं साहित्यकार कार्यक्रम में पहुंचेंगे। कार्यक्रम के संबंध में आयोजक डॉ निखिलेश मिश्र ने बताया की कार्यक्रम जैतपुर के राधिका पैलेस में आज दोपहर 12 बजे से आयोजित होगा। जिसमें बाह तहसील के युवाओं एवं विद्यार्थियों के आइडियल मुख्य अतिथि एवं वशिष्ठ अतिथि के रूप में डॉक्टर वीरेश राज शर्मा वरिष्ठ जिला अधीक्षक मेरठ एवं आईएएस अश्वनी श्रीवास्तव पहुंचेंगे। कार्यक्रम के संयोजक दिलीप नौपुत्रा ने बताया कि कवि सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय कवि विष्णु सक्सेना के साथ लखनऊ की प्रसिद्ध कवित्री व्यंजना शुक्ला एवं इटावा के कवियों के कोहिनूर रोहित चौधरी के साथ कई अन्य बड़े नामचीन हस्तियों का मिलना होगा। कार्यक्रम के आयोजक एवं अन्य सहयोगियों ने समस्त क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

## हेमंत चांदना चुने गये प्रांतीय अध्यक्ष



**मैनपुरी** एनएनआई। लखनऊ में फायरवर्क्स डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के त्रिवार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। जिसमें जनपद के हेमंत चांदना को सर्वसम्मति से प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। पुनीत चाँदा,सौरभ चाँदना, नितिश चाँदना, नितिन गम्भीर, संजय गम्भीर, अशोक गुप्ता, महेश कुमार, पवन मिश्रा,रोहित पांडे, सौरभ कुमार, दीपांशु चौहान, सागर सक्सेना आदि ने उनको बधाई दी है।

# शौरीपुर बटेश्वर में मनाया गया निर्वाण महोत्सव

एनएनआई

**बाह।** बुधवार को शौरीपुर बटेश्वर में भगवान अजितनाथ का निर्वाण महोत्सव मनाया गया। निर्वाण लाडू चढ़ाने के बाद बटेश्वर से शौरीपुर तक रथयात्रा निकाली गई। अभिषेक पूजन, शांतिधारा के बाद भगवान अजितनाथ का संदेश गूंजा। अध्यक्ष विमलेश कुमार जैन ने कहा कि अपने बच्चों में देवदर्शन की आदत डालेंगे तो बड़े होकर श्रवणकुमार बनकर तीर्थ क्षेत्रों के दर्शन करायेंगे। जो माता पिता देवदर्शन की आदत नहीं डालेंगे, उनके बच्चे उन्हें दूरदर्शन देखने पर मजबूर कर देंगे। जन्म के साथ बच्चों को संस्कार जरूर दें। इस दौरान इस दौरान भोलानाथ सिंघई, सुशील जैन सिंघई, संजय जैन, मुकेश कुमार जैन, निर्मल कुमार, अखिल बारौल्या, रिषभ शरण जैन, दिनेश



जैन, विनोद जैन, अखिल जैन, मनीष जैन आदि के अलावा एटा, आगरा, इटावा, जयपुर, अहमदाबाद, बाह, शिकोहाबाद, मैनपुरी, सिरसागंज, कुरावली, करहल, जैतपुर के भक्त मौजूद रहे।


# सीमांकन के बाद भी तालाब पर अवैध कब्जा

### सीमांकन कर गाड़ी जाते ही मुड़िया उखाडी, एसडीएम से शिकायत

एनएनआई

**पिनाहट।** राजस्व टीम ने शिकायत पर तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराकर मुड्डियां गांढकर सीमांकन कर दिया था। जिनको उखाड़कर दुबारा अतिक्रमण करने की शिकायत एसडीएम बाह से की गई है।

थाना पिनाहट के गांव कलियान पुरा निवासी श्रीकृष्ण ने बुधवार को एसडीएम बाह सृष्टि सिंह से शिकायत की। कि गांव के तालाब पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया था। जिसकी शिकायत करने पर 22 जनवरी 2025 को राजस्व टीम ने




ग्राम सचिव और प्रधान के सामने पैमाइश की थी। उस समय आरोपितों की आलू कि फसल होने के कारण सीमांकन कर मुड्डियां गाढ़ दी गयी थी। फसल हटने के बाद तालाब की जमीन को कब्जा मुक्त करने को कहा गया था। किन्तु आरोपितों ने आलू की फसल कटने के साथ ही सीमांकन की मुड्डियां उखाड़कर फेंक दी है। और तालाब पर अवैध कब्जा कर लिया है। शिकायत कर्ता ने बताया कि इसका विरोध करने पर आरोपित लड़ाई झगडे पर अमादा हो रहे हैं। वहीं एसडीएम बाह ने थाना प्रभारी पिनाहट को अनाधिकृत कब्जा होने पर विधिक कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा का किया स्वागत

एनएनआई

**कासगंज।** भाजपा पिछडा मोर्चा के जिलाध्यक्ष डा. खूब सिंह लोधी ने अपने निज निवास पर भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा का स्वागत अभिनन्दन किया। इस दौरान पिछडा मोर्चा जिलाध्यक्ष के साथ ही कार्यकताओं ने भी उन्हें फूल माला, पटका पहनाकर मोमेंटो देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने पिछड़ा मोर्चा के कार्यकताओं हाल चाल जाना। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व से जो भी कार्यक्रम उन्हें सौंपे जाएंगे, सभी कार्यकताओं को उन्हें मिलकर सफल बनाना है। इस दौरान महेंद्र सिंह बघेल,



डा. बीड़ी राणा, केपी सिंह, आकाशदीप वर्मा, शरद गुप्ता, स्वराज सिंह, नेत्रपाल सिंह, राजीव यादव, राजवीर सिंह, गौरव पाल, मोहित राजपूत, अजय शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे।

## जनसंपादकीय

# क्या उत्तर प्रदेश वाकई बदल रहा है? क्या कानून व्यवस्था पहले से बेहतर हुई है?

2017 में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभालने के बाद से, योगी आदित्यनाथ ने राज्य की कानून और व्यवस्था मशीनरी में जबरदस्त बदलाव किए हैं। जुर्म के प्रति उनके प्रशासन की लगातार जीरो-टॉलरेंस की नीति ने पुलिसिंग को नया रूप दिया है, जिससे हिंसक और सार्वजनिक जुर्मों में काबिले-गौर गिरावट आई है।

हालाँकि, जहाँ डकैती, अपहरण और सड़क पर उत्पीड़न जैसे प्रत्यक्ष जुर्म कम हुए हैं, वहीं गहरे सामाजिक मुद्दे- घरेलू हिंसा, दहेज हत्या और सड़क दुर्घटनाएँ- अभी भी चिंता के अनसुलझे पहलू बने हुए हैं। यह द्वंद्व आदित्यनाथ के शासन मॉडल की कामयाबियों और सीमाओं दोनों को एक साथ हाइलाइट करता है। आदित्यनाथ के नेतृत्व में, उत्तर प्रदेश ने पिछली सरकारों में फैली अराजकता से एक बड़ा उलटफेर देखा है। भाजपा के नेता कहते हैं कि अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली "समाजवादी पार्टी सरकार (2012-2017) की अक्सर जुर्म के प्रति ढीले रवैये के लिए आलोचना की जाती थी, जिसमें मुजरिम कथित तौर पर सियासी सरपरस्ती के साथ काम करते थे।"

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के 2016 के आंकड़े - यादव के कार्यकाल का आखिरी पूरा साल - एक गंभीर तस्वीर पेश करते हैं: 284 डकैती, 1,224 लूट, 9,855 अपहरण, 4,889 हत्याएं और 4,444 बलात्कार।" इसके विपरीत, आदित्यनाथ के शासन ने संगठित और सड़क-स्तर के अपराध को आक्रामक रूप से टारगेट किया है। 2020 तक, डकैती के मामलों में 57%, लूटपाट में 35% और अपहरण में 19% की गिरावट आई थी। राज्य सरकार ने और भी ज्यादा कमी का दावा किया है–डकैती में 70% तक और लूटपाट में 69% तक–इसके लिए ज़िम्मेदार ठहराया है: 2017 से 10,900 से ज्यादा पुलिस मुठभेड़, जिससे 2025 तक 222 दुर्दांत मुजरिमों को ढेर किया, छेड़छाड़ और सड़क पर उत्पीड़न को रोकने के लिए 2017 में एंटी-रोमियो दस्ते की शुरूआत की गई, गश्त में इजाफा और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र, जिससे गिरोह से संबंधित जुर्मों में कमी आई।

इन उपायों ने मुजरिमों में खौफ पैदा किया है, जबकि कानून लागू करने में आवाम का भरोसा बढ़ाया है। इन फायदों के बावजूद, कुछ जुर्म श्रेणियां अभी भी बहुत ज्यादा हैं। घरेलू हिंसा, दहेज हत्या और जानकारों द्वारा यौन उत्पीड़न में बहुत कम गिरावट देखी गई है, जो दर्शाता है कि अकेले पुलिसिंग सामाजिक मुद्दों को खत्म नहीं कर सकती। दहेज हत्याएँ चिंताजनक रूप से हाई लेवल पर बनी हुई हैं (2022 में 2,138 बनाम 2016 में 2,244)। बलात्कार, हालाँकि 4,444 (2016) से घटकर 3,690 (2022) हो गए हैं, फिर भी राष्ट्रीय आँकड़ों में सबसे ऊपर हैं, जिनमें से ज्यादातर मुजरिम पीड़ितों के जानकार हैं।

यह द्वंद्व बताती है कि आदित्यनाथ की नीतियों ने प्रत्यक्ष जुर्म से प्रभावी ढंग से निपटा है। लेकिन निजी क्षेत्र के जुर्मों के लिए एक अलग नजरिये की जरूरत है - जो सामाजिक सुधार, लैंगिक संवेदनशीलता और पीड़ित सहायता प्रणालियों के साथ सख्त कानूनी प्रवर्तन को जोड़ता है। एक और परेशान करने वाली प्रवृत्ति सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा है। आर्थिक विकास और बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के बावजूद, उत्तर प्रदेश की सड़कें खतरनाक बनी हुई हैं: सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें 20,124 (2016) से बढ़कर 22,000 (2021) से ज्यादा हो गई हैं। हिट-एंड-रन के मामलों में इजाफा हुआ है, जिससे ट्रैफिक पुलिसिंग और सड़क सुरक्षा उपायों में कमियाँ उजागर किया है।

योगी आदित्यनाथ के कार्यकाल ने उत्तर प्रदेश के कानून और व्यवस्था परिदृश्य को निर्विवाद रूप से बदल दिया है, खास तौर पर हाई-प्रोफाइल जुर्मों पर लगाम लगाने में। उनके प्रशासन की मजबूत पुलिसिंग, तकनीकी उन्नयन और त्वरित न्याय तंत्र ने राज्य में शासन के लिए एक नया मानक स्थापित किया है। हालांकि, घरेलू हिंसा, दहेज जुर्म और बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की निरंतरता से पता चलता है कि अकेले सख्त पुलिसिंग नाकाफी है। दरअसल महफूज उत्तर प्रदेश के लिए जरूरी है: पारिवारिक और जानकार-आधारित जुर्मों को संबोधित करने के लिए लिंग-संवेदनशील पुलिसिंग, दुर्घटनाओं को कम करने के लिए यातायात प्रबंधन सुधार, गहरी जड़ें वाले सामाजिक मुद्दों से निपटने के लिए सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम। आदित्यनाथ का मॉडल सार्वजनिक व्यवस्था को बहाल करने में प्रभावी साबित हुआ है, लेकिन अगले चरण में समग्र सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए - सामाजिक तब्दीली के साथ प्रवर्तन को संतुलित करना।

**बृज खंडेलवाल**
**(लेखक के निजी विचार)**

# गंगा-जमुनी तहजीबः देश की अखंडता, संप्रभुता और एकता का सौहार्द



**डॉ. प्रमोद कुमार**



भारत की गंगा-जमुनी तहजीब उसकी सांस्कृतिक विरासत का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। यह परंपरा सदियों से हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई सभी समुदायों के बीच सौहार्द, भाईचारे और एकता को बढ़ावा देती आई है। भारतीय समाज में विभिन्न धर्मों, संस्कृतियों और परंपराओं का संगम देखने को मिलता है, जो देश की अखंडता और संप्रभुता को सुदृढ़ करता है। गंगा-जमुनी तहजीब भारतीय संस्कृति की एक अनूठी पहचान है, जो विविधता में एकता की भावना को प्रकट करती है। यह केवल दो नदियों, गंगा और यमुना, के संगम का प्रतीक नहीं, बल्कि विभिन्न धर्मों, संस्कृतियों और परंपराओं के अद्भुत मेल का द्योतक है। भारत में सदियों से हिंदू-मुस्लिम, सिख-ईसाई सहित सभी समुदायों ने परस्पर सहयोग और सौहार्द के साथ जीवन व्यतीत किया है, जिससे यह तहजीब अस्तित्व में आई। यह लेख इस तहजीब के महत्व को विभिन्न दृष्टिकोणों से प्रस्तुत करेगा। यह लेख इस तहजीब के महत्व, उसके ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, सामाजिक समरसता में भूमिका और वर्तमान समय की प्रासंगिकता पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालेगा।

गंगा-जमुनी तहजीब का उद्गम भारत की प्राचीन और मध्यकालीन इतिहास में देखा जा सकता है। जब मुगल साम्राज्य भारत में आया, तब हिंदू और मुस्लिम संस्कृतियों के मेलजोल से एक अनोखी सांस्कृतिक विरासत विकसित हुई। मुगलकाल में संगीत, स्थापत्य कला, साहित्य, खान-पान और पहनावे में इस तहजीब की झलक देखने को मिली। अमीर खुसरो जैसे कवियों ने इस मिश्रण को अपनी कविताओं और संगीत के माध्यम से प्रकट किया। भक्तिकाल और सूफी आंदोलन ने भी इस तहजीब को मजबूत किया। कबीर, तुलसीदास, रसखान, बुल्ले शाह और बाबा फरीद जैसे संतों ने प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। इनके विचारों ने समाज में धार्मिक सद्भाव को बढ़ाया और यह भावना जनमानस में गहराई से स्थापित हो गई।

**सामाजिक समरसता में गंगा-जमुनी तहजीब की भूमिका**

यह तहजीब केवल धर्मों के मेल का प्रतीक नहीं, बल्कि सामाजिक ताने-बाने को भी मजबूत करने वाला तत्व है। भारत जैसे विविधतापूर्ण राष्ट्र में यह सहिष्णुता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देती है। इसका प्रभाव निम्नलिखित क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है:

**साहित्य और कलाः** भारतीय साहित्य और कला में इस तहजीब की गहरी छाप है। उर्दू साहित्य, हिंदी कविता, लोककथाएँ और विभिन्न भाषाओं में लिखी गई रचनाएँ इस मिश्रण को दर्शाती हैं। रामायण और महाभारत की कहानियाँ भी उर्दू में लिखी गईं, जबकि इस्लामी परंपराओं की कहानियाँ हिंदी और अन्य भाषाओं में समाहित हुईं।

**संगीत और नृत्यः** हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत, जिसमें ख्याल, ठुमरी, गजल और कव्वाली शामिल हैं, इस तहजीब की देन हैं। नृत्य शैलियों में भी इसका प्रभाव देखा जा सकता है। कथक नृत्य शैली इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

**खान-पान और पहनावाः** भारतीय व्यंजन और परिधान भी इस तहजीब से प्रभावित हैं। बिरयानी, कबाब, कचौड़ी, समोसा, जलेबी जैसे खाद्य पदार्थ इसी मेल का परिणाम हैं। वहीं, शेरवानी, कुर्ता-पाजामा और साड़ी जैसी पोशाकें भी इस सांस्कृतिक संगम को दर्शाती हैं।

**त्योहार और परंपराएँः** भारत में हिंदू-मुस्लिम एकता के उदाहरण के रूप में अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। दीवाली, ईद, होली, बैसाखी, क्रिसमस और अन्य पर्वों को मिल-जुलकर मनाने की परंपरा इस तहजीब की खूबसूरती को दर्शाती है।

**गंगा-जमुनी की विशेषताएँ**

गंगा-जमुनी तहजीब भारत की मिश्रित सांस्कृतिक धरोहर है, जो विभिन्न धर्मों, भाषाओं, परंपराओं और रीति-रिवाजों के मेल से बनी है। इसकी कुछ प्रमुख विशेषताएँ इस प्रकार हैं:

सांस्कृतिक समन्वय-यह तहजीब हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई और अन्य धर्मों की परंपराओं का संगम है, जिससे सामाजिक सौहार्द और मेलजोल को बढ़ावा मिलता है।

भाषा और साहित्य-हिंदी, उर्दू, अवधी, ब्रजभाषा जैसी भाषाओं का आपसी समन्वय इस तहजीब की विशेषता है। उर्दू शायरी और हिंदी कविताओं में इसका प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जाता है।

कला और संगीत-भारतीय शास्त्रीय संगीत, विशेष रूप से ख्याल, ठुमरी, गजल और कव्वाली, इस तहजीब का हिस्सा हैं। कथक नृत्य शैली भी इसी सांस्कृतिक समन्वय का उदाहरण है।

खान-पान-भारतीय भोजन में भी गंगा-जमुनी तहजीब की झलक मिलती है। बिरयानी, कबाब, समोसा, जलेबी, कचौड़ी जैसी व्यंजन परंपराएँ इसी का परिणाम हैं।

त्योहारों का समावेश-दीपावली, ईद, होली, बैसाखी, क्रिसमस जैसे त्योहारों को सभी समुदायों द्वारा मिल-जुलकर मनाना इस तहजीब की खूबसूरती को दर्शाता है।

समाज में आपसी सद्भाव-यह तहजीब सहिष्णुता, प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का संदेश देती है, जिससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होती है।

वेशभूषा और परंपराएँ-शेरवानी, कुर्ता-पायजामा, साड़ी, दुपट्टा जैसी पारंपरिक पोशाकें इस तहजीब के प्रभाव को दर्शाती हैं।

धर्मनिरपेक्षता का समर्थन-यह तहजीब सभी धर्मों के प्रति सम्मान और समानता की भावना को प्रोत्साहित करती है, जिससे भारत की धर्मनिरपेक्षता मजबूत होती है।

लोक संस्कृति और परंपराएँ-विवाह, संगीत, नृत्य और सामाजिक रीति-रिवाजों में भी हिंदू-मुस्लिम संस्कृति का समावेश देखा जाता है, जो तहजीब की प्रमुख विशेषताओं में से एक है।

**ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में गंगा-जमुनी तहजीब का महत्व**

गंगा-जमुनी तहजीब का उद्भव भारत के प्राचीन और मध्यकालीन इतिहास से जुड़ा हुआ है। मुगल काल में इस सांस्कृतिक समन्वय को बल मिला, जब कला, साहित्य, संगीत, और खान-पान में हिंदू और मुस्लिम परंपराओं का समावेश हुआ। अमीर खुसरो, रसखान, कबीर, तुलसीदास और अन्य संत कवियों ने इस मिश्रण को अपने साहित्य और संगीत में दर्शाया। इस तहजीब ने समाज में समरसता और परस्पर सम्मान की भावना को बढ़ावा दिया।

सामाजिक सद्भाव में योगदान

1. धार्मिक सौहार्द-गंगा-जमुनी तहजीब ने विभिन्न धर्मों के लोगों को एक मंच पर लाकर परस्पर सहयोग और सौहार्द का वातावरण तैयार किया।

2. भाषाई समन्वय-हिंदी, उर्दू, अवधी, ब्रज जैसी भाषाओं में इस तहजीब की झलक मिलती है। उर्दू और हिंदी साहित्य में धार्मिक और सामाजिक एकता को प्रमुखता दी गई है।

3. त्योहारों का मेल-ईद, दिवाली, होली, बैसाखी, क्रिसमस आदि त्योहारों को सभी समुदायों द्वारा मिल-जुलकर मनाना इसकी प्रमुख विशेषता है।

**वर्तमान समय में गंगा-जमुनी तहजीब की प्रासंगिकता**

आज के समय में जब वैश्वीकरण, सांप्रदायिक तनाव और राजनीतिक मतभेद बढ़ रहे हैं, तब गंगा-जमुनी तहजीब की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। यह तहजीब हमें आपसी प्रेम, सहयोग और समरसता का संदेश देती है, जिससे समाज में नफरत और विभाजन की राजनीति का प्रभाव कम किया जा सकता है। सरकार और समाज को मिलकर इस तहजीब को बचाने और बढ़ावा देने के प्रयास करने चाहिए। शैक्षिक पाठ्यक्रमों में इस संस्कृति को शामिल किया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी इसकी महत्ता को समझ सके। साथ ही, साहित्य, कला, संगीत और फिल्म उद्योग को भी इस तहजीब को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करना चाहिए। आज के समय में जब समाज में सांप्रदायिक तनाव और विघटन की प्रवृत्तियाँ देखी जाती हैं, गंगा-जमुनी तहजीब की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

गंगा-जमुनी तहजीब भारत की आत्मा है। यह सदियों से देश की अखंडता, संप्रभुता और एकता को बनाए रखने में सहायक रही है। यह केवल दो नदियों के मेल का प्रतीक नहीं, बल्कि विभिन्न संस्कृतियों, धर्मों और परंपराओं के अद्भुत संगम का प्रतीक है। यह केवल एक सांस्कृतिक अवधारणा नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, धार्मिक सौहार्द और राष्ट्रीय अखंडता की नींव भी है। इसे संरक्षित रखना हमारी जिम्मेदारी है, ताकि भारत की सांस्कृतिक धरोहर सशक्त बनी रहे और भविष्य में भी सामाजिक समरसता और सौहार्द को बढ़ावा मिले।

इस तहजीब को सहेजकर रखना न केवल हमारी सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करना है, बल्कि भारत की संप्रभुता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूती प्रदान करना भी है।

**कला, संगीत और साहित्य में योगदान**

1. संगीत-हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत, विशेष रूप से ख्याल, ठुमरी, कव्वाली और गजल, इसी तहजीब की देन हैं।

2. नृत्य-कथक नृत्य शैली में हिंदू और मुस्लिम दोनों परंपराओं का मिश्रण मिलता है।

3. साहित्य-हिंदी-उर्दू साहित्य में गंगा-जमुनी तहजीब की भावना स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। तुलसीदास और कबीर के दोहों से लेकर मीर, गालिब और प्रेमचंद की रचनाओं तक इस तहजीब का प्रभाव बना रहा।



# अवनीत कौर का ग्लैमरस अंदाज

अवनीत कौर अपने स्टाइल और फैशन सेंस को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें वह ब्लू कलर की ड्रेस में बेहद ग्लैमरस लग रही हैं। उनकी ये तस्वीरें सामने आते ही फैंस का दिल धड़कने लगा और कमेंट सेक्शन में तारीफों की बाढ़ आ गई। अवनीत ने इस लुक में अपने स्टाइल को ग्रेसफुल टच दिया, जिसमें उनकी किलर स्माइल और कॉन्फिडेंस साफ झलक रहा था। अवनीत कौर टीवी से बॉलीवुड तक का सफर तय कर चुकी हैं और अब बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बन रही हैं। उनके स्टाइलिश अवतार हमेशा ट्रेंड में रहते हैं और सोशल मीडिया पर उनका फैनबेस लगातार बढ़ रहा है।



# सहज किरदार और हर विधा में करना चाहता हूं काम : राघव जुयाल



अभिनेता राघव जुयाल ने अपनी आकांक्षाओं के बारे में बात की और कहा कि वह हर विधा में काम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि वह मजेदार और सहज किरदार निभाना चाहते हैं। राघव ने कहा, मैं हर विधा में काम करना चाहता हूं और मजेदार, सहज किरदार निभाना चाहता हूं, जहां मैं बस आराम से रह सकूं और अच्छा समय बिता सकूं, लेकिन साथ ही शानदार और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं भी निभाना चाहता हूं, जो मुझे प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा, मैं अभिनय करूंगा, मैं डांस करूंगा, मैं होस्ट करूंगा और मैं इस इंडस्ट्री में पेश की जाने वाली हर चीज करूंगा। मैं कुछ भी मिस नहीं करना चाहता, मैं सब कुछ करना चाहता हूं। राघव हाल ही में एक्शन फिल्म 'किल' में नजर आए थे। उन्होंने कहा कि आलोचना एक व्यक्ति को अपने काम को बेहतर बनाने में मदद करती है। आलोचकों ने उनके जीवन को आकार दिया है। उन्होंने बताया, मेरी जिंदगी आलोचकों द्वारा बनाई गई है, मेरे करियर में बदलाव उनके द्वारा प्राप्त मान्यता के कारण हुआ, खासकर 'किल' के साथ। यह एक अभिनेता के लिए काम करता है क्योंकि इससे अधिक अवसर भी मिलते हैं। अपनी छवि को किसी ऐसी चीज से बदलना अविश्वसनीय रूप से कठिन है जिसके लिए आप प्रसिद्ध हैं। राघव को स्लो स्पीड की शैली में उनके डांस और भारत में स्लो मोशन वॉक के लिए 'स्लो मोशन किंग' के रूप में जाना जाता है। वे डांस रियलिटी शो 'डांस इंडिया डांस 3' में एक प्रतियोगी और फाइनलिस्ट होने और 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स 2' जैसे शोज में उनकी टीम की प्रस्तुति से लोकप्रिय हुए थे।

# आइवरी लहंगे में करीना कपूर खान ने दिखाये नवाबी ठाठ

नयी दिल्ली। करीना कपूर खान बॉलीवुड की ऐसी एट्रेस हैं, जिनका हर फैशन कमाल और बिंदास होता है। वेस्टर्न से लेकर ट्रेडिशनल तक उनका हर लुक फैंस के दिलों पर राज करता है। हाल ही में एक बार फिर करीना का ट्रेडिशनल और रॉयल अवतार देखने को मिला। करीना कपूर खान ने लैमे फैशन वीक में रैंप वॉक करने के लिए फैशन क्वीन अवतार अपनाया, जिसमें उनकी खूबसूरती देखते ही बन रही थी। रैंप वॉक के लिए करीना कपूर खान ने मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा का एक शानदारआइवरी लहंगा पहना। बेबो ने इस लहंगे को पहन अपना शाही अंदाज दिखाया। आइवरी रंग के इस मेश लहंगे का बेस पारदर्शी था, जिस पर आइवरी रंग के फूलों बने थे। फूलों का ये काम बेहद आकर्षक और खूबसूरत लग रहा था। करीना ने इसे मैचिंग लाउज के साथ पहना था, जिसे क्रिस्टल से सजाया गया था। यह इसे और ज्यादा रॉयल बना रही थी। क्रिस्टल की सजावट और मोती की सजावट के साथ फुल-लेयर्ड लहंगा एक मंत्रमुग्ध कर देने वाला प्रभाव पैदा कर रहा था। करीना ने लहंगे के साथ आइवरी रंग का दुपट्टा कैरी किया, जो एट्रेस के लुक में चार-चांद लगा रहा था। उन्होंने इसे साड़ी के पल्लू की तरह स्टाइल किया था। पटौदी खानदान की बेगम ने अपने आउटफिट के साथ हीरे का हार, मैचिंग झुमके और अंगूठियां पहनी थीं, जो उनके लुक को और भी ज्यादा निखार रही थीं। मेकअप की बात करें तो उन्होंने सॉट ग्लैम मेकअप किया। करीना ने अपने इस लहंगा लुक को एलिवेट करने के लिए बालों को खुला छोड़ा हुआ था।

गुरुवार, 03 अप्रैल, 2025
newsnextindia1@gmail.com
NNI न्यूज नेक्स्ट इंडिया
हर खबर पर पक्की नज़र






### आईपीएल 2025

# गुजरात टाइटंस ने आरसीबी को आठ विकेट से हराया

**बेंगलुरु।** आईपीएल 2025 के 14वें मुकाबले में बुधवार को गुजरात टाइटंस (जीटी) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आठ विकेट से हराया। बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मैच में आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 169/8 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में जीटी ने 17.5 ओवर में केवल दो विकेट खोकर आसानी से 170 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस की शुरूआत शानदार रही, जहां जॉस बटलर ने 39 गेंदों में पांच चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 73 रन बनाए। उन्होंने सुदर्शन के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 75 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। सुदर्शन ने 36 गेंदों में 49 रन बनाए, जिसमें सात चौके और एक छक्का शामिल था। हालांकि, वह 13वें ओवर में जोश हेजलवुड का शिकार बने।

इसके बाद, बटलर ने शेरफेन रदरफोर्ड (18 गेंदों में नाबाद 30, एक चौका, तीन छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 63 रनों की अटूट साझेदारी की। रदरफोर्ड ने छक्का मारकर जीटी को जीत दिलाई। इससे पहले गुजरात के कप्तान शुभमन गिल (14) ने सस्ते में अपना विकेट गंवाया, उन्हें भुवनेश्वर कुमार ने तीसरे ओवर में आउट किया।




इससे पहले, आरसीबी ने टॉस हारने के बाद 20 ओवरों में आठ विकेट पर 169 रन बनाए। लियाम लिविंगस्टोन ने शानदार बल्लेबाजी की और 40 गेंदों में 54 रन बनाकर अर्धशतक पूरा किया, जिसमें एक चौका और पांच छक्के शामिल थे। जीटी के लिए मोहम्मद सिराज ने सबसे ज्यादा तीन विकेट झटके। उन्होंने चार ओवरों में केवल 19 रन खर्च किए। साई किशोर ने दो और अरशद खान, प्रसिद्ध कृष्णा, और ईशांत शर्मा ने एक-एक विकेट लिए। आरसीबी की शुरूआत खराब रही, जहां विराट कोहली (छह गेंदों में सात रन) दूसरे ओवर में अरशद का शिकार बने। फिल साल्ट (14), देवदत्त पडिक्कल (4) और कप्तान रजत पाटीदार (12) भी जल्दी आउट हो गए, और आरसीबी ने 42 रन तक चार विकेट गंवा दिए।

इसके बाद, लिविंगस्टोन और जितेश शर्मा ने पांचवें विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी की। जितेश ने 21 गेंदों में 33 रन बनाए, जिसमें पांच चौके और एक छक्का शामिल था। लिविंगस्टोन ने टिम डेविड (18 गेंदों में 32, तीन चौके, दो छक्के) के साथ सातवें विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी की। डेविड ने आखिरी ओवर में 16 रन जोड़े, जिसमें दो चौके और एक छक्का लगाया। हालांकि, वह आखिरी गेंद पर आउट हो गए।

यह गुजरात की लगातार दूसरी जीत थी, जबकि आरसीबी को पहले दो मैचों में जीत के बाद पहली बार हार का सामना करना पड़ा।

इस हार के साथ रजत पाटीदार की अगुआई वाली टीम अंक तालिका के शीर्ष पायदान से गिरकर तीसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि गुजरात चौथे स्थान पर आ गया। गुजरात के पास चार अंक और 0.807 का नेट रन रेट है, जबकि पंजाब किंग्स चार अंक और 1.485 के नेट रन रेट के साथ पहले स्थान पर है।



## आज केकेआर बनाम एसआरएच मैच




**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 15वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगी। दोनों टीमों के लिए यह मैच काफी महत्वपूर्ण है। सनराइजर्स हैदराबाद, जिसकी शुरूआत टूनामेंट में धमाकेदार हुई थी, लगातार दो हार के बाद पटरी से उतर गई है। कोलकाता के खिलाफ हैदराबाद जीत के साथ दोबारा लय पाना चाहेगी। वहीं, घरेलू मैदान पर कोलकाता भी जीत की उम्मीद के साथ उतरना चाहेगी। प्वाइंट टेबल में कोलकाता सबसे नीचे है। केकेआर और एसआरएच के बीच आईपीएल में अब तक 28 मैच खेले गए हैं, जिसमें नाइट राइडर्स ने शानदार प्रदर्शन किया है। एसआरएच ने 9 मैच जीते हैं, जबकि केकेआर 19 बार विजयी हुई है। केकेआर बनाम एसआरएच का मैच आज को खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच टॉस शाम 7 बजे होगा। कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच यह मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा।

## गुरुवार, 03 अप्रैल राशिफल

मेष राशि के जातक आज मानसिक रूप से उलझन में रह सकते हैं। ऐसे में आपको आज सोच समझकर कोई भी बड़ा फैसला लेना चाहिए नहीं तो आपको आज नुकसान हो सकता है। पारिवारिक जीवन में आपको आज उलझन और तनाव का सामना करना पड़ सकता है।

वृषभ राशि के जातकों को आज कुछ अप्रत्याशित और अनापेक्षित घटनाओं का सामना करना पड़ सकता है। किसी दूर रहने वाले संबंधी की ओर से आपको कुछ ऐसी सूचना या जानकारी मिल सकती है जिससे आपको चिंता होगी।

मिथुन राशि के लोगों को आज कारोबार में आर्थिक लाभ मिलेगा। आज आपको किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मिलने का मौका मिलेगा और आपको उनसे फायदा हो सकता है। शाम का समय आप अपने प्रिय लोगों के साथ बिता सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारी आपके पक्ष में रहेंगे।

कर्क राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन लाभदायक और अनुकूल रहेगा। आपको भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा जिससे खुशियां आएंगी। पारिवारिक जीवन भी आपका आज सुखमय रहेगा। दांपत्य जीवन बेहतर रहेगा। संतान को अपने क्षेत्र में सफलता मिलेगी जिससे घर में खुशी का माहौल रहेगा। कुछ भावनात्मक मुद्दे आपको परेशान कर सकते हैं। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपको सहयोग मिलेगा।

सिंह राशि के लोगों के लिए आज का दिन उथल पुथल भरा रहेगा। आपके ऊपर आज काम का दबाव रहेगा। वैसे आपको अपने कार्यक्षेत्र में परिश्रम का लाभ मिलेगा। दांपत्य जीवन में सुधार आएगा और आप अपने जीवनसाथी के साथ रोमांटिक समय बिताएंगे ।आपके कुछ अटके काम भी आज संपन्न होंगे।

कन्या राशि का राशिफल बता रहा है कि आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहेगा। लव लाइफ में जहां प्रेम और सहयोग पाएंगे वहीं आज कार्यक्षेत्र में तनाव और उलझन का सामना करना होगा। वैसे दिन के दूसरे भाग में आप अपनी कार्यकुशलता और समझदारी से तारीफ भी प्राप्त कर सकते हैं।

तुला राशि के लोगों को अपनी सेहत के प्रति आज ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि आपकी सेहत आज नरम रह सकती है। कार्यस्थल पर आज आपको कुछ नए अवसर मिल सकते हैं। बिजनेस में आज आपको कोई अच्छी सफलता मिल सकती है। समाज में आपकी प्रसिद्धि बढ़ेगी। लव लाइफ के मामले में भी आज का दिन अच्छा है।

वृश्चिक राशि के जातकों को आज भाग्य का साथ मिल रहा है। दांपत्य जीवन सामान्य रहेगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। पारिवारिक सुख-सुविधाएं बढ़ेंगी और इसके लिए आपको आज धन भी खर्च करना होगा। बिजनेस में निवेश करने या नया काम शुरू करने के लिए आज का दिन अच्छा रहगे।

धनु राशि के लिए आज का दिन बढ़िया है। आपको आपको घर परिवार में खुशी मिलने वाली है। आप अपने प्रिय लोगों के साथ समय बिताएंगे और अपनी लव लाइफ का आनंद लेंगे। बीमार चल रहे जातकों के स्वास्थ्य में सुधार होगा, लेकिन अनियमित दिनचर्या के कारण थकान का अनुभव हो सकता है।

मकर राशि के लोगों को आज के दिन कोई अच्छी खबर मिलने की खुशी होगी। साथ ही आज आपकी कमाई में भी वृद्धि होगी। वैवाहिक जीवन के मामले में भी आज आप भाग्यशाली रह सकते हैं। कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी, लेकिन आज आपके ऊपर काम की कुछ नई जिम्मेदारी बढ़ने से आप दोपहर बाद परेशान भी होंगे।

कुंभ राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन आर्थिक दृष्टि से अच्छा रहेगा। भाई-बहनों के साथ समय बिताएंगे और उनके साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जीवनसाथी से आपको पूरा सहयोग मिलेगा। भाग्य भी आपका आज पूरा साथ देगा। आप अपनी लव लाइफ में सफल रहेंगे और आपके खर्चे नियंत्रित रहेंगे।

मीन राशि के लोगों को आज अपनी मेहनत का पूरा प्रतिफल मिलेगा। आप अपनी लव लाइफ में आज रोमांटिक समय बिताएंगे। कमाई के लिहाज से दिन अनुकूल है। बिजनेस में आपको सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन भी आज आपका सुखद रहेगा। जो जातक बीमार चल रहे हैं आज उनकी सेहत में सुधार होगा।

# फुटवियर में वर्ल्ड लीडर बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है भारत : पूरन डावर

- 'शू टेक आगरा' एग्जिविशन में जुटे देश के दिग्गज कारोबारी

एनएनआई

**आगरा।** फुटवियर बाजार में भारत वर्ल्ड लीडर बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। यह बात सीएलई के रीजनल चेयरमैन और एफमेक अध्यक्ष, पूरन डावर ने आयोजित 'शू टेक आगरा' के 58वें संस्करण के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में कही। उन्होंने कहा कि भारतीय फुटवियर उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए, हमें न केवल उत्पाद की गुणवत्ता बल्कि तकनीकी नवाचार और डिजाइन के क्षेत्र में भी लगातार सुधार की आवश्यकता है।

इससे पूर्व 'शू टेक आगरा' एग्जिविशन का फीता काटकर उद्घाटन मुख्य अतिथि एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर एवं अति विशिष्ट अतिथि फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एफडीडीआई) नोएडा के प्रबंध निदेशक विवेक शर्मा (आईआरएस), विशिष्ट अतिथि एफडीडीआइ के सेक्रेटरी कर्नल पंकज सिन्हा, एफमेक उपाध्यक्ष गोपाल गुप्ता, राजेश सहगल, महासचिव राजीव वासन, सीफी (उप्र) के अध्यक्ष धर्मेंद्र नरुला, आगरा शू फैक्टर्स फेडरेशन के अध्यक्ष विजय सामा, आस्मा के अध्यक्ष ओपिंदर सिंह लवली एवं इफ्कोमा के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। संजय गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत करते हुए एग्जीबिशन के आयोजन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। अंत में धन्यवाद ज्ञापन इफ्कोमा के महासचिव दीपक मनचंदा ने किया। संचालन अतुल कोहली ने किया। सेमिनार के दूसरे सत्र में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान रायबरेली के निदेशक नंदन सिंह बोरा भारतीय फुटवियर बाजार के फैशन ट्रेंड्स पर प्रस्तुति दी। ग्रीन वर्म्स के सह-संस्थापक अक्षय गुंटेती और वेस्ट एंड मैटेरियल सर्कुलरिटी के कार्यकारी जेकसी सी जॉय ने कहा कि हम कचरे को प्रभावी तरीके से रिसाइकिल करते हुए युवाओं के लिए नौकरियां सृजित कर रहे हैं। अब तक 6,200 लोग हमारे इस मिशन से जुड़ चुके हैं। फुटवियर कचरे पर केंद्रित एक सॉर्टिंग सिस्टम विकसित किया है, जो ईवीए, पीवीसी, रबर और लेदर जैसे सामग्रियों को अलग करता है, ताकि अधिक प्रभावी तरीके से रिसाइकिल करके उन्हें पुनः इस्तेमाल किया जा सके। एलडीपीई, एलएलडीपीई और पीपी जैसे पॉलिमर को रिसाइकिल करने के हमारे अनुभव ने फुटवियर उद्योग को प्रभावी समाधान प्रदान किया है।




### इनको किया गया सम्मानित

'शू टेक आगरा' के उद्घाटन कार्यक्रम के मौके पर फुटवियर और कम्पोनेंट्स इंडस्ट्री के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका के लिए कुछ उद्यमियों को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

- लाइफटाइम अचीवमेंट (कंपोनेंट्स) - अनिल कुमार मित्तल, चेयरमैन, एके प्लास्टिक्स
- लाइफटाइम अचीवमेंट (फुटवियर) - कुलबीर सिंह, चेयरमैन, रोजर इंडस्ट्रीज
- असलम, एमडी, ली फॉक्स आइकन ऑफ द ईयर
- महिला उद्यमी अवार्ड - अंकिता ठाकुर अरोड़ा, एमडी, एटीआई इम्पेक्स
- पायनियर अवार्ड - चंद्र मोहन सचदेवा, एमडी, अलर्ट इंडिया

# मां के दरबार में मिलती है असीम शांति : सागर भगत

एनएनआई



**आगरा।** गोकुलपुरा स्थित प्राचीन कैला देवी मंदिर के स्थापना दिवस पर चैत्र नवरात्रे की पंचमी को कैला मां की कलश यात्रा निकली गई। दोपहर 12 बजे से पारंपरिक परिधान में भक्त कंघी गली स्थित कैला देवी मंदिर पर इकट्ठा हुए। सिर पर कैला मां का कलश लिए हुए भक्तों का हुजूम ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते निकल पड़ा। कैला मइया का जयघोष करते हुए श्रद्धालु आगे बढ़े। भक्तों ने यात्रा में बग्गी पर विराजमान राज राजेश्वरी कैला माँ के दर्शन किए। राजा की मंडी बाजार में व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। महंत सागर भगत ने कहा कि कैला मां की भक्ति करने से बड़े से बड़े कष्ट दूर हो जाते है । माँ के दरबार में आकर असीम शांति की अनुभूति होती । कलश यात्रा मे उत्साह से परिपूर्ण लगभग 101 महिलाओं के साथ पुरुषों ने भाग लिया । यात्रा पुनः प्राचीन कैला देवी मंदिर पर समाप्त हुई। इस अवसर पर प्रतिमा मित्तल, अमित यादव, शैलेन्द्र सिंघल, मंजू यादव, दीपक यादव, अनुराग मित्तल, शोभा, ज्योति, ममता, मंजू, बित्ती आदि मौजूद रहे।

# विवि के रजिस्ट्रार के खिलाफ अधिवक्ता ने कोर्ट में डाली याचिका

- लोक सेवक के रूप में सही तरीके से कार्य नहीं करने पर कार्रवाई की मांग

एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पर एक वकील ने आरोप लगाते हुए कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिका में कहा कि जब वह कुलसचिव से विश्वविद्यालय में मिलने गया था तो कुलसचिव ने उनसे कहा था- टोपादास तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई, एक आईएएस अधिकारी के सामने बोलने की। अधिवक्ता ने कुलसचिव पर मानहानि के साथ लोक सेवक के रूप में सही तरीके से कार्य नहीं करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई को याचिका डाली है। कृष्ण गोपाल हाईकोर्ट के अधिवक्ता हैं। उन्होंने आगरा कोर्ट में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के यहां याचिका डाली है। इसमें कहा है कि तीन फरवरी 2025 को शाम 4:30 बजे वह कुलसचिव के कार्यालय में लोकमणि शर्मा महाविद्यालय के द्वारा कूटरचित तरीके से मान्यता लेने के संबंध में शिकायत पर कार्रवाई किए जाने की जानकारी को आए थे। कृष्ण गोपाल का कहना है कि उनकी मां का देहांत हो गया था, मुंडन की वजह से उन्होंने टोपी पहनी हुई थी। आरोप है कि कुलसचिव राजेश कुमार यादव ने कहा कि टोपादास तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई, एक आईएएस अधिकारी के सामने बोलने की। बाहर निकल जाओ नहीं तो धक्के मरवाकर निकलवाना पड़ेगा। यह सुनकर वह डर गए और बाहर निकल आए। वकील कृष्ण गोपाल का कहना है राजेश कुमार ने जिन शब्दों का प्रयोग किया गया है उससे उन्हें मानसिक पीड़ा हुई है। राजेश कुमार ने जानबूझकर उनके अनुस्मारक पत्र को वापस कर विधि द्वारा दिए गए निर्देशों को अनदेखा कर उनकी अवहेलना की गई है। न्यायालय में उन्हें दंडित करने की गुहार लगाई है। इस याचिका पर 29 अप्रैल सुनवाई की डेट कोर्ट ने दी है।

